▪ मार्गशीर्ष कृष्णा - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 125 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 30-11-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




www.sprindia.com
Call 73582 00333
Presenting
SKY
TOWER ONE
Breathtaking views
30,000 Sq.Ft.
Podium level amenities
18,000 Sq.Ft.
Clubhouse amenities
Vaastu-compliant homes
Built with RCC walls to avoid cracks and leakages
Sleek homes with natural ventilation
Balconies designed to reduce heat radiation
High-street Retail a lift away
Zero wastage floor layout
45 मंजिलें | 80 फीट कुक्स रोड, पेराम्बूर | बहु-स्तरीय सुविधाएं
16 दिसंबर 2024 से कीमतों में बढ़ोतरी
SPR INDIA
BUILDING WITH PURPOSE
THE MAKERS OF TAMILNADU'S TALLEST RESIDENTIAL TOWER
www.rera.tn.gov.in
RERA: TN/29/Building/0396/2024
Images are artist's impressions | *T & C Apply.
A SPR-BINNY PROJECT.
CREDAI
प्रोजेक्ट वीडियो के लिये स्कैन करें।

मार्गशीर्ष कृष्णा - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 125 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 30-11-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 अब जवाबदेही तय करनी होगी, कठोर निर्णय लेने होंगे : खरगे

6 भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

7 'द राणा दग्गुबाती शो' में श्रीलीला ने अपने बॉलीवुड डेब्यू के बारे में दिया बड़ा हिंट

## फर्स्ट टेक

### आतंकवादी संगठन के दो सहयोगी गिरफ्तार

**जम्मू/एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर और डोडा जिलों में आतंकवादी संगठनों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां बताया कि आतंक समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले में जम्मू-कश्मीर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत एक कट्टर आतंकवादी सहयोगी को हिरासत में लिया है।

### अभिनेता एजाज खान की पत्नी मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार

**मुंबई/भाषा।** अभिनेता और टी.वी. शो बिग बॉस में नजर आए एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला (40) को सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने जोगेश्वरी के पश्चिम उपनगर स्थित गुलीवाला के आवास पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की और वहां से 130 ग्राम का मादक पदार्थ बरामद किया। सीमा शुल्क विभाग ने एजाज खान के कार्यालय में काम करने वाले एक चपरासी को कूरियर सेवा के माध्यम से विदेश से 100 ग्राम मेफेड्रन मंगवाने के आरोप में आठ अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान गुलीवाला की भूमिका भी सामने आई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### महाराष्ट्र के प्रसिद्ध तुलजा भवानी मंदिर की मरम्मत की जाएगी

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में प्रसिद्ध तुलजा भवानी मंदिर में मरम्मत और संरक्षण कार्य किया जाएगा, जिसके दौरान परिसर में अनधिकृत निर्माण को गिरा दिया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। देवी तुलजा भवानी को समर्पित 12वीं शताब्दी का प्रसिद्ध मंदिर तुलजापुर में स्थित है और राज्य भर से तथा बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। इस संरक्षित मंदिर एवं स्मारक का रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जाता है। धाराशिव के जिलाधिकारी सचिन ओमबासे ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, ''मंदिर में दो चरणों में मरम्मत और संरक्षण कार्य होगा। इस मरम्मत कार्य के लिए 58 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।'' जिलाधिकारी ने कहा, ''मंदिर परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए कुछ ढांचों को ध्वस्त किया जाएगा। इस कार्य के लिए दो एजेंसियों को नियुक्त किया गया है। मुख्य पत्थर की संरचना को उसके मूल स्वरूप में लाया जाएगा तथा रिसाव की समस्या को ठीक किया जाएगा।''

| | |
|---|---|
| 30-11-2024 सूर्यास्त 5:40 बजे | 01-12-2024 सूर्योदय 6:15 बजे |
| BSE 79,802.79 (+759.05) | NSE 24,131.10 (+216.95) |
| सोना 7,981 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 98,000 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**सियासी गठबंधन**

कैसे मेंढ़क तुले तराजू,
पड़ा अक्ल पर सबके कोड़ा।
टांग खेंचते इक दूजे की,
चले अढ़ाई घर ज्यूं घोड़ा।
गिद्ध भोज में जुटे जीमने,
भुक्कड़ कोई ज्यादा-थोड़ा।
लगे सियासी गठबंधन यूं,
भानुमती ने कुनबा जोड़ा।।

**मोदी ने देश की छवि खराब करने के लिए विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा**

# जो चौकीदार 2019 में उनके लिए 'चोर' था, वह 2024 आते-आते 'ईमानदार' हो गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ विपक्ष का मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके।

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि 'सत्ता के भूखे' ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए 'चौकीदार चोर है' अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो 'चौकीदार' 2019 में उनके लिए 'चोर' था, वह साल 2024 आते-आते 'ईमानदार' हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते। उन्होंने कहा, इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ 'साजिश' करने में जुट गए हैं और अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। उन्होंने कहा, इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा, सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। जब इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा, विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।



## तत्काल मंत्रिमंडल विस्तार से सिद्दरामय्या ने इनकार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शुक्रवार को तत्काल मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना को खारिज कर दिया साथ ही संकेत दिया कि पूर्व आदिवासी कल्याण मंत्री बी नागेंद्र को बाद में मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। सिद्दरामय्या ने संवाददाताओं से कहा, हम अभी ऐसा नहीं कर रहे हैं। इससे राज्य मंत्रिमंडल में संभावित बदलावों के बारे में अटकलों पर विराम लग गया। नागेंद्र को मंत्रिमंडल में शामिल करने के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम उन्हें शामिल करेंगे, लेकिन तुरंत नहीं।'' उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने भी दिन में इसी तरह की राय दोहराते हुए कहा कि ''(मंत्रिमंडल विस्तार के लिए) स्थिति अभी नहीं आई है'' और मौजूदा एकमात्र रिक्त स्थान को भरने के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।




**जम्मू-कश्मीर से**

# आतंकवादियों का सफाया किया जाएगा : सिन्हा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह से निष्प्रभावी कर दिया जाएगा और प्रदेश से आतंकवादियों का सफाया कर दिया जाएगा।

सिन्हा रियासी जिले के पौनी में आयोजित 'अति विष्णु महायज्ञ' में बोल रहे थे। उन्होंने शहीद सैनिकों और पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी और जवानों के महान बलिदान को गर्व के साथ याद करने के लिए पिछले कई वर्षों से 'अति विष्णु महायज्ञ' का आयोजन करने के लिए पूज्य संत श्री बाल योगेश्वर जी महाराज का आभार व्यक्त किया।

उपराज्यपाल ने आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने का संकल्प लिया और समाज के हर वर्ग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और हमारे भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया।

## एसआईटी ने तिरुपति लड्डू में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच शुरू की

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान तिरुमला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) बनाने में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। आंध्र प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु वसा के उपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया था। उसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस माह के आरंभ में पांच अधिकारियों की एक समिति गठित की। समिति में दो अधिकारी इस केंद्रीय एजेंसी से, दो आंध्र प्रदेश पुलिस से और एक भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से हैं। आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं एसआईटी सदस्य सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा, जांच शुरू हो गई है। उन्होंने इससे ज्यादा कुछ नहीं बताया।

## ईडी ने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित तौर पर 2,800 करोड़ रुपए के चिटफंड घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कोलकाता में एक व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। एक बयान में कहा गया कि विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेव बागची और उनके बेटे अविक बागची को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया।

# न्यायालय ने संभल मस्जिद विवाद में निचली अदालत की कार्यवाही रोकी

■ उच्चतम न्यायालय ने सरकार से शांति बनाए रखने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को संभल की एक निचली अदालत को उत्तर प्रदेश के चंदौसी स्थित मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण मामले में कार्यवाही रोकने का आदेश दिया वहीं राज्य सरकार को हिंसा प्रभावित शहर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने को कहा।



गत 19 नवंबर को संभल के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने हिंदू पक्ष की याचिका पर गौर करने के बाद 'एडवोकेट कमिश्नर' से मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का एकपक्षीय आदेश पारित किया था। याचिका में दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण मुगल शासक बाबर ने 1526 में एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद कराया था।

मामले में निचली अदालत के आदेश के बाद, 24 नवंबर को इलाके में हुई हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि ''शांति एवं सद्भाव बनाए रखा जाए'' और राज्य प्रशासन की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के.एम. नटराज द्वारा इस सिलसिले में दिए गए बयान पर गौर किया। पीठ ने निर्देश दिया कि मस्जिद सर्वेक्षण के बाद 'एडवोकेट कमिश्नर' द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को सीलबंद कर दिया जाए तथा मस्जिद समिति की अपील पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय सहित अपीलीय अदालत द्वारा सुनवाई किए जाने तक इसे नहीं खोला जाए।

न्यायालय ने कहा, दीवानी न्यायाधीश, याचिकाकर्ता द्वारा दायर की जाने वाली पुनरीक्षण याचिका/अपील उच्च न्यायालय या उपयुक्त अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किए जाने तक मामले पर आगे नहीं बढ़ेंगे। एडवोकेट कमिश्नर ने यदि कोई रिपोर्ट सौंपी है तो उसे एक सीलबंद लिफाफे में रखा जाए और खोला नहीं जाए। वाद में आगे की कोई भी कार्यवाही उच्च न्यायालय/उपयुक्त अदालत द्वारा पारित आदेश पर निर्भर करेगी।

शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ शाही जामा मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिका को तीन कार्य दिवस के भीतर इलाहाबाद उच्च न्यायालय या किसी अन्य उपयुक्त मंच के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

आदेश में कहा गया है, हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता (मस्जिद समिति, संभल) को 19 नवंबर 2024 के आदेश को दीवानी प्रक्रिया संहिता 1908 और भारत का संविधान सहित, उपयुक्त अदालत/मंच पर कानून के अनुसार चुनौती देनी चाहिए। इस बीच, शांति और सद्भाव बनाए रखा जाना चाहिए।

**मंदिरों में प्रसादः**

### न्यायालय ने गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा के भीतर अपने कार्य का निर्वहन कर रही है। पीठ ने कहा, हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि याचिका में की गई प्रार्थना सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

**अश्लील सामग्री से जुड़े धनशोधन मामले में**

### ईडी ने राज कुंद्रा, अन्य के परिसरों पर छापे मारे

**मुंबई/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील (पॉर्नोग्राफी) और वयस्क फिल्मों के कथित वितरण से जुड़े एक धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति एवं कारोबारी राज कुंद्रा तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में करीब 15 स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं उनमें 49 वर्षीय कुंद्रा और कुछ अन्य व्यक्तियों के आवास एवं कार्यालय भी शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ईडी इनमें से एक परिसर में कुंद्रा से पूछताछ कर रही है। शिल्पा शेट्टी के वकील प्रशांत पाटिल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह कार्रवाई अभिनेत्री के खिलाफ नहीं है और कुंद्रा सच्चाई सामने लाने के लिए जांच में सहयोग कर रहे हैं। धनशोधन का यह मई, 2022 का मामला कुंद्रा और अन्य के खिलाफ मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गयी कम से कम दो प्राथमिकी और आरोपपत्र पर आधारित है।

# भारत ने बांग्लादेश से सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने बांग्लादेश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। भारत ने यह भी आशा व्यक्त की कि बांग्लादेश में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास से संबंधित मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाएगा।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को गंभीरता से लिया है और अल्पसंख्यकों सहित सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना बांग्लादेश की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

अगस्त में बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। भारत उस देश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है।

जयशंकर ने कहा, ''अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी बांग्लादेश सरकार की है।'' उन्होंने कहा कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों से संबंधित स्थिति पर ''बारीकी से'' नजर रख रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान किया और उम्मीद जताई कि गिरफ्तार चिन्मय कृष्ण दास से जुड़े मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और ''लक्षित हमलों'' का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा, ''इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

### बांग्लादेश ने गिरफ्तार हिंदू नेता सहित 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर लगाई रोक

**ढाका/भाषा।** बांग्लादेश के वित्तीय अधिकारियों ने इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास सहित इस धार्मिक संस्था से संबद्ध 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर 30 दिन के लिए रोक लगाने का आदेश दिया है। मीडिया में शुक्रवार को आई खबर में यह जानकारी दी गई। दास को राजद्रोह के आरोप में इस हफ्ते की शुरुआत में गिरफ्तार कर लिया गया था। 'प्रथम आलो' अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को बृहस्पतिवार को ये निर्देश जारी करते हुए इन खातों से सभी तरह के लेन-देन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक के तहत आने वाली बीएफआईयू ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों से इन खातों से संबंधित जानकारी तीन कार्य दिवस में भेजने को कहा है।

## पाकिस्तान बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए कर रहा प्रयास

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अदालत में पेश होने से छूट देने की उनकी याचिका खारिज कर दी। अधिकारियों ने बताया कि निर्देश के बाद राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने रावलपिंडी की अपनी टीम से बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने को कहा, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की प्रांतीय राजधानी पेशावर में रह रही हैं। खैबर पख्तूनख्वा में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सत्ता में है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : पीसीबी को 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/कराची/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान 'हाइब्रिड मॉडल' में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी।

बैठक संक्षिप्त रही क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट किया कि भारतीय टीम को पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद उन्हें 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं है। हाइब्रिड मॉडल के अनुसार भारतीय टीम प्रतियोगिता के अपने मैच किसी अन्य स्थान पर खेलती।

## पाकिस्तान के कुर्रम में जारी सांप्रदायिक हिंसा में अब तक 122 लोगों की मौत

**पेशावर/भाषा।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के कुर्रम जिले के विभिन्न हिस्सों में सुन्नी और शिया समुदायों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद गोलीबारी की ताजा घटना में दो लोगों के मारे जाने के बाद अब तक इस हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। पुलिस और अस्पताल के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुन्नी और शिया समुदायों के बीच पिछले सप्ताह हिंसा शुरू हुई थी और संघर्ष विराम होने के बावजूद उनके बीच अब तक मामूली झड़पें जारी हैं। दोनों समुदायों के बीच बृहस्पतिवार को फिर गोलीबारी हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह व्यक्ति घायल हो गए। जिसके बाद राज्यपाल फैसल करीम कुंडी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर को अशांत क्षेत्र का दौरा करने के लिए कहा।





# राज्यपाल बागड़े ने बिरसा मुंडा के अवदान को याद किया, कहा आदिवासी लोगों की शिक्षा और कल्याण के लिए मिलकर करें कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, ट्राइफेड और नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित आदि महोत्सव का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर महोत्सव में देशभर के राज्यों से भाग लेने वाले शिल्पकारों, कलाकारों का अभिनंदन करते हुए आम जन से आह्वान किया कि दैनिक जीवन में जनजातीय उत्पादों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए।

बागड़े ने समारोह में बिरसा मुंडा की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि वह अंग्रेजों से ही नहीं लड़े बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 2021 से प्रतिवर्ष हमारे यहां 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिवस जनजातीय परंपराओं को सहेजने, उनके विकास और उनके समग्र कल्याण को समर्पित है।

राज्यपाल ने आदिवासी परंपराओं के संरक्षण पर जोर देते हुए प्रकृति पोषण से जुड़े उनके कार्य अपनाए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने जनजातियों के समग्र विकास के लिये उनसे जुड़े क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनके आजीविका के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने बताया कि राजस्थान में आदिवासी जनसंख्या 13 से साढ़े 13 प्रतिशत है। इनकी शिक्षा के अवसरों में वृद्धि के साथ युवाओं को कौशल विकास के लिए कार्य हों। उन्होंने कहा कि देश की गरीबी तभी कम होगी जब राष्ट्र के बच्चे पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर भीख मांगने वाले नहीं पढ़ने वाले सौ परिवारों को चिह्नित कर स्कूल भेजे जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने आम जन से भी आह्वान किया कि वे जनजातीय शिक्षा से वंचित बच्चों के बारे में जानकारी दें और उनको शिक्षा प्रयासों में सहयोग करें।

बागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनजाति दिवस पर 'जनजातीय न्याय महाअभियानजनमन की देश में शुरूआत की है। जनजाति परिवारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं से लाभान्वित करने के अंतर्गत इस योजना में 24 हजार करोड़ रुपए के कार्य प्रारंभ किए गए है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा ' धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' प्रारंभ करने की चर्चा करते हुए कहा कि जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे का सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आजीविका के क्षेत्र में ठोस कार्य किए जाएं।

जनजातीय मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने जनजातीय कलाकारों की उत्पादित सामग्री के प्रदर्शन के अधिकाधिक अवसर दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी उत्पाद देशभर को समझने की दृष्टि देते हैं। नगर निगम ग्रेटर की महापौर डा. सौम्या गुर्जर ने आदि महोत्सव को वोकल फोर लोकल मुहिम को आगे बढ़ाने वाला बताया। आरम्भ में ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

## बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाईं : दिलावर



जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कहा कि मुगल शासक बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनवाई थीं। उन्होंने कहा कि अगर अदालत खुदाई का आदेश देती है तो खुदाई में मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शिव मंदिर के ऊपर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया। दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करते हुए एक वाद अजमेर की स्थानीय अदालत में दायर किया गया था। अदालत ने बुधवार को वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस बारे में पूछे जाने पर दिलावर ने कोटा में मीडिया से कहा, मुझे कुछ नहीं कहना न्यायालय निर्णय करेगा। उन्होंने कहा, यह तो सच है कि अधिकांशत: मंदिरों को तोड़कर औरंगजेब ने, बाबर ने... इन्होंने मस्जिदें बनाई थीं। जांच होगी, जांच में अगर अदालत आदेश देती है कि खुदाई करो, तो खुदाई करने पर जो इसके अवशेष मिलेंगे उससे निर्णय हो जाएगा।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ को एक अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार को फोन कर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। राठौड़ ने यह जानकारी दी। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। राज्यसभा सदस्य राठौड़ को जब धमकी मिली वह दिल्ली में थे। उन्होंने एक कॉल आने पर जैसे ही फोन उठाया, दूसरी तरफ से व्यक्ति ने उन्हें गालियां देते हुए धमकी दी कि वह उन्हें गोली मार देगा। राठौर ने दिल्ली से पीटीआई-भाषा को बताया, एक व्यक्ति ने मुझे फोन किया और गोली मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। अधिकारियों के अनुसार घटना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल और कई अन्य नेताओं ने राठौड़ को फोन कर घटना की जानकारी ली।

## फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रहा

जयपुर। राजस्थान के फतेहपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम सामान्य तौर पर शुष्क रहा। इसके अनुसार बीती रात सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा पिलानी में 7.5 डिग्री, चूरू में 8.6 डिग्री, भीलवाड़ा में 9.1 डिग्री, जयपुर में 9.3 डिग्री, संगरिया में 9.5 डिग्री, अलवर में 9.6 डिग्री और चित्तौड़गढ़ में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर और सिरोही में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## नाबालिग लड़की से बलात्कार के दोषी को 20 साल की जेल

कोटा। राजस्थान के कोटा में पॉक्सो अदालत ने तीन साल पहले आठ साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के जुर्म में 22 वर्षीय युवक को बृहस्पतिवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अदालत ने दोषी पर 1.10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अदालत संख्या-2 के लोक अभियोजक विजय कछावा ने बताया कि कोटा की रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र के तहत भदाना निवासी बंटी बैरवा (22) को तीन दिसंबर 2021 को आठ वर्षीय बालिका को खाने-पीने का सामान देने के बहाने अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करने के जुर्म में सजा सुनाई गई है। कछावा ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने उसी दिन रेलवे कॉलोनी पुलिस थाने में बैरवा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सरकारी वकील ने बताया कि पुलिस ने उसी दिन बैरवा को गिरफ्तार किया था।




# वासुदेव देवनानी ने किया राजस्थान की अर्थव्यवस्था को नया आकार देने का आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रबंधन से जुड़े युवाओं का आव्हान किया है कि वे राजस्थान की अर्थव्यवस्था को स्थानीय आवश्यकताओं, संसाधन, संस्कृति और कार्य प्रवृति के आधार पर नया आकार दें। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक स्थितियों के अनुसार विकसित राजस्थान की कल्पना को साकार करने के लिए युवा नई सोच और नई ऊर्जा के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भागीदार बने।

देवनानी शुक्रवार को यहां प्रतापनगर स्थित जयपुरिया इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट में पीएचडीसीसीआई के तत्वाधान में आयोजित 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर विकसित राजस्थान पर एक दिवसीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संस्थान में विधान सभा अध्यक्ष के नाम से एक पौधा लगाया गया और उसका ग्रीन सर्टिफिकेट देवनानी को डॉ. प्रभात पंकज ने भेंट किया।

देवनानी ने कहा कि विकास के लिए शैक्षणिक वातावरण, मनोस्थिति और एकाग्रता का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ढांचागत व्यवस्था को विकसित करने के लिए लक्ष्य तय करके कार्य आरम्भ करना चाहिए। इससे विकास की गति को नई दिशा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनिजों का भण्डार , कृषि और पशुपालन का प्रमुख केन्द्र, स्थापत्य, पुरातत्व , ऐतिहासिक किलो के साथ अनूठे लघु उद्योग धंधो का गढ़ है। यहां के डोरिया साड़ी, हाथीदांत के आभूषण, लाख की चूडियां सहित अनेक लघु उद्योग राज्य की मजबूत अर्थव्यवस्था के आधार रहे है। बीकानेर के बाजरे का बिस्कीट जिसने अमेरिका तक अपनी पहुंच बनाई है, वहीं कैर-सांगरी, नागोरी मेथी, मथानिया की मिर्च ने राजस्थान की अर्थव्यवस्था को पंख लगाये है।

देवनानी ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद सम्पूर्ण भारत के साथ राजस्थान ने भी तरक्की के नये आयाम स्थापित किए है। इससे यहाँ की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से सुदृढ़ हुई है। कृषि , शिक्षा, तकनीकी और पर्यटन सहित लघु उद्योगों ने राजस्थान की अर्थव्यवस्था को नया आकार दिया है। देवनानी ने इस कार्य में विस्तार के लिये युवा पीढी को आगे आने के लिये कहा। देवनानी ने कहा कि भारत का ज्ञान -विज्ञान प्राचीनकाल से ही उच्च स्तर का रहा है। देवनानी ने कहा कि भारतीयों में नेतृत्व क्षमता उच्च श्रेणी की रही है। विदेशों में जरूर जायें, लेकिन अपने देश के विकास में अवश्य भागीदार बने। उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवा अपनी नेतृत्व क्षमता में निखार लाये और राज्य का नाम विश्व पटल पर रोशन करें। देवनानी ने कहा कि हैप्पीनेस इंडेक्स और विकास को बढ़ाने के लिए लक्ष्य तय करो, जिज्ञासु बनों, समस्याओं का तत्काल समाधान करो और राष्ट्र को अधिकतम देने का प्रयास करो। सेमिनार को डॉ. प्रभात पंकज, डॉ. एस.पी शर्मा व आर. के. गुप्ता ने भी संबोधित किया। स्वागत एवं आभार वरुण चौटिया ने किया।

# अध्यापिका द्वारा मारपीट करने से आक्रोशित परिजनों ने की स्कूल में तालाबंदी

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय लादिया में एक अध्यापिका द्वारा बच्चों के साथ मारपीट करने से आक्रोशित परिजनों ने आज स्कूल में तालाबंदी कर आरोपी अध्यापिका को गिरफ्तार करने की मांग की। छात्राओं के परिजनों ने बताया कि जब तक अध्यापिका का तबादला या गिरफ्तार नहीं होगी, तब तक तालाबंदी जारी रखी जायेगी। गौरतलब है कि गुरुवार को भी स्कूल में इस बात को लेकर काफी हंगामा हुआ। संबंधित अध्यापिका सोनम मिश्रा पुलिस को बुला लाई और पुलिस के सामने बच्चों ने आपबीती बताई तो अध्यापिका सोनम मिश्रा बच्चों पर गुस्सा हो गई और बच्चों के साथ मारपीट करने लगी।बच्चों ने अपने माता-पिता को बताया तो आक्रोशित होकर शुक्रवार को स्कूल पहुंचे और उन्होंने हंगामा किया। एक बच्चे के कंधे में फैक्चर भी हो गया। छात्राओं ने बताया कि हमारी चोटी पकड़कर यह मारपीट करती हैं। दीवार में सिर दे मारती हैं। घटना के बाद आज ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय उमरेन से जांच अधिकारी पहुंचे और उन्होंने इस मामले की जांच की। जांच अधिकारी ने बताया कि संस्था के प्रधान द्वारा हमें अवगत कराया गया है और यहां मोहल्ले में आक्रोश व्यक्ति स्कूल में तालाबंदी कर दी है समझाइस के प्रयास किए गए लेकिन सफल नहीं रहे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है जो उच्च अधिकारियों को भेजा जायेगा और जो भी निर्णय होगा कार्यवाही की जायेगा।

# चिकित्सा शिक्षा सचिव का रात दस बजे से औचक निरीक्षण, इच्छाशक्ति के साथ व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार गुरुवार देर रात अचानक एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों का निरीक्षण करने पहुंचे।उन्होंने रात 10 बजे से करीब 2 बजे तक चार घंटे लगातार एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेंटर, जनाना अस्पताल एवं गणगौरी अस्पताल का गहन निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देश दिए।

चिकित्सा शिक्षा सचिव रात करीब 10.15 बजे बिना किसी सूचना के अचानक एसएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने यहां आम आदमी की तरह चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया। वे सबसे पहले रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंचे और वहां मौजूद स्टाफ से रजिस्ट्रेशन एवं भर्ती प्रक्रिया के बारे में पूछा। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा सचिव आपातकालीन इकाई में पहुंचे और यहां रोगियों के उपचार की प्रक्रिया, चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान एम्बुलेंस में आ रहे मरीजों को आपातकालीन इकाई तक पहुंचाने के लिए ट्रॉलीमैन की कमी पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र ट्रोलीमेन की संख्या बढ़ाने, इमरजेंसी में सीनियर डॉक्टर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए।

अम्बरीष कुमार ने आपातकालीन इकाई में मरीजों से भी बात कर फीडबैक लिया। उन्होंने वार्डो में जाकर वहां उपचार और रोगियों के लिए उपलब्ध सेवाओं की वास्तविक स्थिति जानी। वार्डों में रोगियों के लिए कम्बल, बैडशीट आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने सहित व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोगियों को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए सेवा भाव के साथ उपचार करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार अच्छी क्वालिटी के कम्बल खरीदे जाने तथा रोगियों के परिजनों के लिए रैन बसेरे में माकूल इंतजाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन मेंटीनेंस के कार्यों पर फोकस करते हुए अस्पताल की स्थिति को बेहतर बनाएं। छोटेछोटे कामों को विकेंद्रीकृत व्यवस्था के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरी कार्यों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, केवल इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। जिन कार्यों के लिए समुचित बजट उपलब्ध है, उन्हें बिना किसी देरी के पूरा कराएं। कुमार ने कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ ड्यूटी टाइम में यूनिफॉर्म में रहें।



# प्रदेश की 27 सड़कों के लिए केन्द्र ने 1154.47 करोड़ रूपये की दी मंजूरी : दीया कुमारी

जयपुर। प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की तथा श्रीगंगानगर में रेलवे अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ रूपये स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों से केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश की विभिन्न सड़कों एवं नवीन वृहद परियोजनाओ के विकास मे सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी।

# जयपुर में 170 करोड़ रुपए से बनेगा प्रदेश का पहला सरकारी पीएम एकता मॉल

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में जल्द ही प्रदेश का पहला सरकारी मॉल बनने जा रहा है। इसे 'यूनिटी मॉल' या 'पीएम एकता मॉल' नाम दिया गया है। इस मॉल का निर्माण 170 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। बतााया जा रहा है कि इस मॉल के बनने से राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा।

उद्योग विभाग के सूत्रों के मुताबिक इस यूनिटी मॉल का निर्माण टोंक रोड पर सांगानेर एयरपोर्ट के पास, तरुछाया नगर कॉलोनी के पीछे प्रस्तावित है। यह भूमि पहले रीको फिनटेक पार्क के लिए प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसे यूनिटी मॉल परियोजना के लिए चुना गया है। इस प्रोजेक्ट (मॉल) को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) के आधार पर बनाया जाएगा। उद्योग विभाग के मुताबिक मॉल के लिए आवश्यक 170 करोड़ रुपए की धनराशि केंद्र सरकार उपलब्ध करवा रही है। रीको (ठखखउज) इस परियोजना की कार्यकारी एजेंसी होगी। परियोजना का स्वामित्व और प्रबंधन उद्योग विभाग के तहत होगा। सूत्रों के मुताबिक इस यूनिटी मॉल के बनने से राजस्थान के कारीगरों के उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। इसमें पारंपरिक हस्तशिल्प, वस्त्र और अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए विशेष गैलरी और आउटलेट्स रखे जा सकते हैं। बता दें कि एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत केंद्र सरकार देशभर के सभी जिलों के स्थानीय उत्पादों को प्रमोट करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए सभी रेलवे स्टेशनों पर विशेष काउंटर (आउटलेट्स) खोले गए हैं। ताकि देश में रोजगार के अधिक अवसर पैदा किए जा सकें।

सांगानेर एयरपोर्ट के पास स्थित होने के कारण यह मॉल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगा।

# पशुपालन शासन सचिव ने किया औचक निरीक्षण, काम में कोताही बरतने वालों के निलम्बन के दिए निर्देश

जयपुर/दक्षिण भारत । डॉ समित शर्मा, शासन सचिव, पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग ने शुक्रवार को अपने सीकर प्रवास के दौरान जिले की पशु चिकित्सा संस्थाओं, प्रयोगशालाओं तथा जिला स्तरीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रातः 9:00 बजे ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस पलसाना का औचक निरीक्षण किया, जिसमें अनुपस्थित पाए गए लैब असिस्टेंट को डॉ. शर्मा ने निलम्बित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालय में साफ सफाई, व्यवस्था तथा सामान व उपकरण के संधारण एवं अनुपयोगी समान के निस्तारण नहीं किये जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए इन्हें शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक पलसाना में स्थापित मोबाइल वेटरनरी यूनिट के पशु चिकित्सक व पशुधन सहायक उपस्थित मिले परंतु एमवीयू का वाहन चालक नदारद पाया गया। बार-बार निर्देश के उपरांत भी मोबाइल यूनिट का वाहन 9:20 बजे तक ब्लॉक कार्यालय पर नहीं लाया गया। इस पर शासन सचिव डॉ शर्मा ने निदेशक पशुपालन एवं योजना प्रभारी को सेवा प्रदाता कंपनी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।


डॉ. शर्मा ने जिला संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, सीकर कार्यालय परिसर में संचालित जिला कार्यालय, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, सीकर तथा जिला रोग निदान प्रयोगशाला का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन कार्यालयों में पदस्थापित कार्मिकों में से छह कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। डॉ. शर्मा ने समय पालन के संबंध में उक्त कार्मिकों की वस्तुस्थिति के बारे में विश्लेषण कर मौके से ही अनुपस्थित पाए गए सभी कार्मिकों को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शासन सचिव डा. समित शर्मा ने बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय में नव पदस्थापित पशु चिकित्सकों का दी जा रही हैंडस ऑन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का अवलोकन करते हुए अधिकारियों की प्रशंसा की।

# ब्रिटिश संग्रहालय ने चोरी हुई कांस्य की मूर्ति तमिलनाडु को लौटाने पर सहमति जताई : पुलिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तंजावुर जिले के एक प्राचीन मंदिर से तिरुमंगई अलवर की कांस्य की मूर्ति के चोरी होने के संबंध में अपराध जांच विभाग (मूर्ति शाखा) द्वारा सबूत पेश किए जाने के बाद लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी' का एशमोलियन' संग्रहालय मूर्ति को लौटने के लिए सहमत हो गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यहां एक विज्ञप्ति में कहा गया कि तमिलनाडु सीआईडी (मूर्ति शाखा) पुलिस को हाल ही में भेजे गए संदेश में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी' ने मूर्ति को भारत को लौटाने पर अपनी सहमति व्यक्त की है जिसकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जाती है। इसमें कहा गया कि सीआईडी (मूर्ति शाखा) के प्रयासों के कारण यह संभव हुआ है। विज्ञप्ति में कहा गया, ''उन्होंने (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी) लंदन से मूर्ति को भेजने में आने वाली लागत को वहन करने का भी वादा किया है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि इसे पूजा के लिए मंदिर को लौटा जा रहा है। चोरी की गई मूर्तियों को उनके मूल स्थान पर वापस लाने के प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।'' इस मूर्ति को एक माह के भीतर तमिलनाडु लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस महानिदेशक शंकर जिवल ने तिरुमंगई अलवर की मूर्ति की पहचान स्थापित करने तथा इसकी वापसी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सीआईडी (मूर्ति शाखा) के असाधारण कार्य की सराहना की। 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी' के प्रतिनिधि ने जांच अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक पी



चंद्रशेखरन द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों और प्रमाणों की समीक्षा की, जिससे तिरुमंगई अलवर की कांस्य मूर्ति की वास्तविक उद्गम की पुष्टि हुई। इसके कारण प्रतिनिधि ने यूनिवर्सिटी को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की काउंसिल ने गहन विचार-विमर्श के बाद स्वीकार किया कि मूर्ति को श्री सुंदरराज पेरुमल मंदिर से गलत तरीके से हटा दिया गया था।

इस मामले में सफलता के अलावा, सीआईडी (मूर्ति शाखा) शेष तीन मूर्तियों को वापस लाने के लिए प्रयास में जुटी है जिनमें कालिया नाग पर नृत्य करते श्रीकृष्ण की मूर्ति, विष्णु और श्रीदेवी की मूर्ति शामिल हैं। ये मूर्तियां कुंभकोणम में श्री सुंदरराज पेरुमल मंदिर से तिरुमंगई अलवर की मूर्ति के साथ ही चुराई गई थीं और वर्तमान में ये अमेरिका के संग्रहालयों में हैं।

तिरुमंगई अलवर की मूर्ति को 1967 में लंदन के 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी' के 'एशमोलियन' संग्रहालय द्वारा खरीदा गया था। जांच से पता चला कि वर्तमान में श्री सुंदरराज पेरुमल मंदिर में पूजा के लिए इन चार मूर्तियों की केवल प्रतिकृतियों का उपयोग किया जाता है, जबकि असली मूर्तियां विदेशी संग्रहालयों में हैं। सीआईडी (मूर्ति शाखा) के पुलिस महानिरीक्षक आर दिनाकरन के मार्गदर्शन और शाखा के पुलिस अधीक्षक आर शिवकुमार के नेतृत्व में जांच अधिकारियों ने चोरी की गई चारों मूर्तियों की पहचान स्थापित करने के संबंध में सभी वैज्ञानिक साक्ष्यों को सावधानीपूर्वक जुटाया। विज्ञप्ति में कहा गया, ''अधिकारियों ने सबूतों को उन देशों के संबंधित अधिकारियों को भेज दिया है जहां ये मूर्तियां वर्तमान में हैं।''



# ऑटोमोबाइल यातायात की नई धारा की पहचान की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे ने कॉनकॉर के नए ऑटोमोबाइल यातायात उपक्रम – 'टीवीएस गो ग्रीन एक्सप्रेस' के लिए रेकों की ढुलाई की सुविधा प्रदान की। दक्षिण रेलवे ने कॉनकॉर (कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) की नई ऑटोमोबाइल यातायात पहल का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 28 नवंबर को टीवीएस गो ग्रीन एक्सप्रेस कंटेनर ट्रेन का उद्घाटन रन पर्यावरण के अनुकूल लॉजिस्टिक्स में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

दक्षिण रेलवे, चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी के सहयोग से कॉनकॉर (कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा शुरू की गई यह पहल रेल और सड़क परिवहन के निर्बाध एकीकरण का उदाहरण है। कंटेनर ट्रेन को जोलारपेट्टई जंक्शन से कामराजर पोर्ट लिमिटेड, एन्नोर के लिए रवाना किया गया, जिसमें मेसर्स टीवीएस मोटर कंपनी के लिए डायरेक्ट पोर्ट एंट्री (डीपीई) निर्यात कंटेनर थे। मेसर्स टीवीएस एससीएस ग्लोबल फ्रेट सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा प्रबंधित, ट्रेन ने अफ्रीकी बाजारों के लिए 29 एफईयू (चालीस-फुट समतुल्य इकाइयाँ) ऑटोमोबाइल वस्तुओं का परिवहन किया, जिनमें से प्रत्येक का औसत वजन 20 मीट्रिक टन था। प्रथम-मील कनेक्टिविटी का समर्थन करने के लिए, कॉनकॉर के स्वामित्व वाले एलएनजी-संचालित वाहनों ने प्रारंभिक परिवहन की सुविधा प्रदान की, जो सड़क और रेल को शामिल करते हुए एक टिकाऊ, बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स प्राप्त करने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

## हमसफर ट्रेनों का अस्थायी विस्तार

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए निम्नलिखित ट्रेनों में अस्थायी वृद्धि की अधिसूचना जारी की है।

ट्रेन संख्या 22497/22498 श्री गंगानगर-तिरुचिरापल्ली-श्री गंगानगर हमसफर एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार किया गया है। 02 से 30 दिसम्बर तक श्री गंगानगर से चलने वाली ट्रेन संख्या 22497 श्री गंगानगर-तिरुचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री टियर कोच जोड़ा जाएगा। 6 दिसंबर से 03 जनवरी तक तिरुचिरापल्ली से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 22498 तिरुचिरापल्ली-श्री गंगानगर हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री टियर कोच जोड़ा जाएगा।

ट्रेन संख्या 20481/20482 जोधपुर-तिरुचिरापल्ली-जोधपुर हमसफर एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार किया जा रहा है।

4 से 25 दिसम्बर तक जोधपुर से छूटने वाली ट्रेन संख्या 20481 जोधपुर-तिरुचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़ा जाएगा। 7 से 28 दिसम्बर तक तिरुचिरापल्ली से छूटने वाली ट्रेन संख्या 20482 तिरुचिरापल्ली-जोधपुर हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़ा जाएगा।

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री से मदुरै जिले में टंगस्टन खनन रद्द करने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने मदुरै जिले में टंगस्टन खनन अधिकार दिए जाने के केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध करते हुए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसे रद्द करने का आग्रह किया और कहा कि राज्य सरकार जैव-विविधता विरासत स्थल तथा लोगों के विरोध जैसे पहलुओं पर विचार करते हुए वहां खनन की अनुमति नहीं देगी।

स्टालिन ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि अधिसूचित जैव-विविधता विरासत स्थल खनन के लिए प्रस्तावित क्षेत्रों में से एक है और घनी आबादी वाले गांवों में वाणिज्यिक खनन निश्चित रूप से लोगों को प्रभावित करेगा जिन्हें अपनी आजीविका हमेशा के लिए खत्म होने का भय है, इसलिए राज्य वहां खनन की अनुमति कभी नहीं देगा। प्रस्तावित खनन के खिलाफ लोगों द्वारा पूर्व में किए गए विरोध को ध्यान में रखते हुए स्टालिन ने केंद्र सरकार द्वारा टंगस्टन के खनन अधिकार दिए जाने के कारण मदुरै जिले में गंभीर स्थिति' की ओर इशारा किया और इसे रद्द करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

राज्य ने तीन अक्टूबर 2023 को लिखे पत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के खनन अधिकारों की इस तरह की नीलामी पर पहले ही चिंता व्यक्त की थी। स्टालिन ने अपने पत्र में कहा, लेकिन तत्कालीन केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री ने दो नवंबर 2023 को लिखे अपने पत्र में इसे खारिज करते हुए कहा था कि देश के व्यापक हित में खान मंत्रालय द्वारा महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को रोका नहीं जा सकता है।

इस बीच, केंद्रीय खान मंत्रालय ने सात नवंबर 2024 को 'ट्रांच'-चतुर्थ के तहत नायकरपट्टी टंगस्टन ब्लॉक (महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज) के लिए हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया है। इस टंगस्टन ब्लॉक में कवट्टायमपट्टी, एट्टिमंगलम, ए वल्लालपट्टी, अरिट्टापट्टी, किदारीपट्टी और नरसिंगमपट्टी गांव शामिल हैं। इनमें से, अरिट्टापट्टी एक अधिसूचित जैव-विविधता विरासत स्थल है और यह गुफा मंदिरों, मूर्तियों, जैन प्रतीकों, तमिल ब्राह्मी लिपियों सहित पुरातात्विक स्मारकों के लिए प्रसिद्ध है। किसी भी खनन गतिविधि से इन स्थलों को अपूरणीय क्षति होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''घनी आबादी वाले गांवों में वाणिज्यिक खनन निश्चित रूप से लोगों को प्रभावित करेगा। इसलिए, तमिलनाडु सरकार इन क्षेत्रों में इस तरह के खनन की अनुमति कभी नहीं देगी।'' स्टालिन ने कहा, ''मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप खान मंत्रालय को मदुरै जिले में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को दिए गए टंगस्टन खनन अधिकारों को रद्द करने का निर्देश दें।''

उन्होंने खान मंत्रालय को संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना खनन के लिए कोई भी बोली लगाने से बचने के निर्देश देने का भी आग्रह किया।

## घने जंगल में फंसी तीन महिलाओं को बचाया गया

**कोच्चि।** केरल में एर्नाकुलम जिले के जंगल में गायों की तलाश करते समय रास्ता भटक गईं तीन महिलाओं को 14 घंटे के गहन तलाश अभियान के बाद बचा लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पारुकुट्टी, माया और डार्ली स्टीफन के रूप में पहचानी गई ये महिलाएं जंगल के लगभग छह किलोमीटर भीतर घने अरक्कमुथी क्षेत्र में पाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि रातभर जंगली जानवरों के बीच रहने के बावजूद वे सुरक्षित हैं और उन्हें उनके गांव वापस लाया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है।

यह घटना कुट्टमपुझा के पास अट्टीकलम के वन क्षेत्र में हुई। पुलिस, अग्निशमन एवं बचाव दलों, आबकारी विभाग के कर्मियों, वन अधिकारियों और स्थानीय निवासियों की मदद से बड़े पैमाने पर बृहस्पतिवार को बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस को बृहस्पतिवार दोपहर करीब तीन बजे महिलाओं के लापता होने की पहली सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में एक महिला से फोन के जरिए संपर्क हुआ था लेकिन बाद में संपर्क करने के प्रयास विफल रहे जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।

# ट्रेन में कपूर जलाने से बचें यात्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए सबरी माला तीर्थ यात्रा में जाने वाले रेल यात्रियों से अपील की है कि दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन के सभी रेल उपयोगकर्ताओं कृपा ट्रेनों में कपूर जलाने से बचें। यह देखा गया है कि कुछ यात्री अपनी यात्रा के दौरान कपूर जलाते हैं, जिससे आग लगने का खतरा काफी बढ़ जाता है। रेल उपयोगकर्ताओं और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, कपूर या कोई अन्य खुली लौ/आग जलाना उचित है। ट्रेनों में और स्टेशन परिसर में इसका प्रयोग सख्त वर्जित है।

ज्वलनशील और विस्फोटक वस्तुओं के साथ यात्रा करते या उनके कब्जे में पाए जाने वाले यात्रियों को रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 67, 164 और 165 के तहत दंडित किया जा सकता है। इसमें 1000 रुपये तक का जुर्माना या तीन साल तक की कैद या दोनों शामिल हैं, और देयता नुकसान/चोट/क्षति के लिए। यात्रियों से आग्रह है कि वे सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में रेलवे अधिकारियों के साथ सहयोग करें। किसी भी सहायता या सुरक्षा संबंधी चिंताओं के लिए, यात्री टोल फ्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर सकते हैं या ड्यूटी पर मौजूद किसी भी रेलवे कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं।दक्षिण रेलवे का चेन्नई डिवीजन सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, निर्बाध और सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रेलवे के साथ मिलकर काम करें और ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों में कपूर जलाने या ज्वलनशील वस्तुएं ले जाने से बचें।



## न्यायालय ने पनीरसेल्वम, उनके संबंधियों के खिलाफ मामला बहाल करने के आदेश पर रोक लगाई

**चेन्नई।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम को राहत देते हुए, उनके तथा उनके परिवार के सात सदस्यों के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति का मामला बहाल करने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम से निष्कासित नेता पनीरसेल्वम द्वारा दायर याचिका पर तमिलनाडु पुलिस व अन्य को नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा, ''मौजूदा मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 397 के तहत स्वत: संज्ञान लेकर आपराधिक पुनरीक्षण की शक्तियों का इस्तेमाल किया गया है। नोटिस जारी किया जाए।'' इस बीच, शीर्ष अदालत ने फैसले के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें पनीरसेल्वम और उनके परिवार के सात सदस्यों के खिलाफ मामले में अभियोजन वापस लेने की अनुमति देने के साथ उन्हें आरोपमुक्त कर दिया गया था।

# वायलिन वादक बालाभास्कर के पिता का दावा, उनके बेटे की हत्या सोना तस्करी माफिया ने की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में दिवंगत 'वायलिन' वादक और संगीतकार बालाभास्कर चंद्रन के वाहन चालक को कथित तौर पर सोना लूटने के मामले में गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद कलाकार के पिता ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या सोना तस्करी माफिया ने की है। बालाभास्कर के पिता के. सी उन्नी ने कहा कि इस घटनाक्रम से उनका यह कहना और भी मजबूत हो गया है कि संगीतकार की हत्या की गई और वाहन चालक अर्जुन इसमें शामिल था।

उन्होंने कहा, ''अर्जुन का आपराधिक इतिहास रहा है। हमें दुर्घटना के बाद ही ये जानकारी मिली।'' उन्नी ने यह भी कहा कि चालक ने त्रिशूर में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में मामला दायर कर एक करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की और दुर्घटना के समय कार, बालाभास्कर द्वारा चलाए जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा, ''हमने इस मामले को न्यायालय में लड़ने के लिए एक अधिवक्ता नियुक्त किया है।'' बालाभास्कर, 25 सितंबर, 2018 को त्रिशूर से तिरुवनंतपुरम लौट रहे थे और इस समय उनकी कार एक पेड़ से टकरा गई थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं तथा उनकी बच्ची की मौत हो गई थी। गंभीर चोटों के कारण बाद में बालाभास्कर की भी मृत्यु हो गई जबकि इस घटना में उनकी पत्नी और वाहन चालक अर्जुन की जान बच गई थी। बालाभास्कर की पत्नी और परिवार ने आरोप लगाया था कि दुर्घटना के समय वाहन अर्जुन चला रहा था और अर्जुन का दावा था कि कार 'वायलिन' वादक चला रहे थे। बाद में यह साबित हो गया कि वाहन वास्तव में अर्जुन ही चला रहा था।

पुलिस द्वारा 'वायलिन' वादक की मौत को सड़क दुर्घटना बताए जाने के बाद परिवार की याचिका पर मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया था। हालांकि, बाद में सीबीआई ने भी इसे सड़क दुर्घटना बताया और इसके बाद परिवार ने न्याय के लिए केरल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। केरल उच्च न्यायालय ने एजेंसी के निष्कर्षों को स्वीकार नहीं किया था और पिछले वर्ष उसे मामले की आगे जांच करने का निर्देश दिया था।

# एक ही परिवार के तीन सदस्यों की निर्मम हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुपुर।** तिरुपुर के एक गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की उनके घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 78 वर्षीय देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, जबकि उनकी पत्नी अलामेलु (75) और बेटे सेंथिलकुमार (46) सेवलाई गौंदेनपुदुर गांव में घर के अंदर मृत मिले। उसने बताया कि घर से सोने के आठ आभूषण चोरी हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, सेंथिलकुमार अपनी पत्नी और सात तथा 12 वर्ष के बच्चों के साथ कोयंबटूर में रहते थे। उसने बताया कि वह 28 नवंबर की रात को एक रिश्तेदार की शादी के सिलसिले में अपने माता-पिता के घर आये थे। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने



संवाददाताओं को बताया कि अपराध में धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया और ग्रामीणों ने इस घटना के बारे में सूचित किया। जांच के लिए चार से पांच टीम बनाई गई हैं और पूरे राज्य में वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा, ''हम जल्द ही हत्यारों को पकड़ लेंगे।'' उन्होंने कहा कि हत्याओं में एक से अधिक लोगों के संलिप्त होने का शक है।

सेंथिलकुमार की पत्नी ने अपराधियों को सजा दिलाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की और कहा कि जब उनके पति सो रहे थे उस समय हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अगर हत्यारों को जल्दी नहीं पकड़ा गया तो यह पुलिस के लिए शर्मनाक होगा।

## बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक ले रहे सामाजिक पेंशन योजना का लाभ, ऑडिट में खुलासा

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत लगभग 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि सभी स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों के माध्यम से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल ने कोट्टक्कल मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में कथित तौर पर ऐसे समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। एक सूत्र ने कहा, वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले अधिकारियों, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले राजस्व अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है। वित्त विभाग ने प्रशासनिक विभागों को तुरंत अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया है।

कोट्टक्कल नगर पालिका के 7वें वार्ड में सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारी की गई इस जांच से पहले मलप्पुरम वित्त लेखा परीक्षा विभाग ने पेंशन लाभार्थियों की जांच की थी। सूत्र ने कहा, 42 लाभार्थियों की जांच की गई, जिनमें से 38 अपात्र पाए गए और एक की मृत्यु हो चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, ऑडिट में बीएमडब्ल्यू कारों के मालिकों समेत अपात्र व्यक्तियों के पेंशन का लाभ लेने जैसे चौंकाने वाले मामले सामने आए।

एक अधिकारी ने कहा, कुछ पेंशनभोगी कथित तौर पर एयर कंडीशनड़ जैसी सुविधाओं वाले घरों में रहते हैं। ऐसे भी उदाहरण मिले, जिनमें सरकारी नौकरी कर चुके पेंशनभोगियों के पति या पत्नी कल्याण पेंशन ले रहे थे। ऑडिट में पता चला कि कई अपात्र लाभार्थी 2,000 वर्ग फुट से बड़े मकानों में रह रहे हैं। वित्त विभाग को एक ही वार्ड की पेंशन सूची में बड़े पैमाने पर अयोग्य लाभार्थियों को शामिल करने के पीछे भ्रष्टाचार और मिलीभगत का संदेह है। परिणामस्वरूप, सरकार ने कोट्टक्कल नगर पालिका में सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों की पात्रता की जांच करने का निर्णय लिया।

स्थानीय स्वशासन विभाग को यह मामला सामने आने के बाद नगर पालिका को निर्देश देने के लिए कहा गया है। इससे पहले, सूचना केरल मिशन द्वारा किए गए निरीक्षण में पता चला था कि राज्य में 1,458 सरकारी कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। मिशन ने वित्त मंत्री बालगोपाल से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया था।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर , यूनियन बैंक भवन, नं139, द्वितीय तल, ब्रॉडवे (प्रकासम सालै) चेन्नै 600108 Ph: 044 -23460747, 23460829

**पट्टे पर परिसर की आवश्यकता**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंकिंग प्रयोजन हेतु आलवार तिरुनगर **वलसरवाक्कम** में भूतल पर **1800-2200 वर्ग** फीट कालीन क्षेत्र के लिए तैयार स्थिति में एक उपयुक्त परिसर की आवश्यकता है, जो अधिमानतः हमारे वर्तमान **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, वलसरवाक्कम शाखा, नं 115, आर्काट रोड, वलसरवाक्कम, चेन्नै-600087** से 500 मी के अंदर हो।

भावी विक्रेता जो स्वामित्व रखते हैं या परिसर के मालिक की ओर से बातचीत करने का अधिकार रखते हैं, वे कार्यालय समय के दौरान **30.11.2024 (शनिवार)** से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, वलसरवाक्कम शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर से तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली के फार्मेट प्राप्त करें या वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in or https://eprocure.gov.in** से डाउनलोड करें और अपनी तकनीकी बोलीयों तथा मूल्य बोलीयों को, दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में डालकर, उसके ऊपर तकनीकी/मूल्य बोली लिखकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर (ब्रॉडवे क्षेत्रीय कार्यालय), सं. 139, प्रकाशम सालै, ब्रॉडवे, द्वितीय तल, चेन्नै-600 108 को दिनांक **21.12.2024 (शनिवार)** के दोपहर **3.00 बजे** तक या उससे पहले प्रस्तुत करें। विक्रेता/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, उपरोक्त पते पर, **21.12.2024 (शनिवार)** को शाम **3.30 बजे** तकनीकी बोलियों खोली जाएगीं। कृपया दलाल या मध्यवर्ती संस्थाएं भाग न लें। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी/अर्ध सरकारी निकायों द्वारा पट्टे पर दी जानेवाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना कोई कारण बताए, बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार बैंक रखता है।

**उप महा प्रबन्धक**

## सुविचार

**किसी इंसान के आज को देखकर उसके भविष्य का मजाक मत उड़ाओ, क्योंकि समय में इतनी शक्ति है कि वो कोयले को धीरे-धीरे हीरे में बदल देता है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बचपन बचाएं सरकारें

ऑस्ट्रेलिया की संसद ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने संबंधी विधेयक को मंजूरी देकर मिसाल कायम की है। यह दुनिया में ऐसा कानून बनाने वाला पहला देश बन गया, जिसके नागरिकों को भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा। आज का सोशल मीडिया वह नहीं है, जो दशकभर पहले होता था। यह प्लेटफॉर्म दुनिया को जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता था, लेकिन अब यह फर्जी खबरों, सांप्रदायिकता, झगड़ों और समय की बर्बादी का अड्डा बनता जा रहा है। इस पर अश्लील सामग्री खूब परोसी जा रही है। अगर कोई उसकी शिकायत करता है तो 'जांच' के नाम पर कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं। एक-दो दिन बाद यह कहते हुए उसे हटाने से इन्कार कर दिया जाता है कि 'उक्त सामग्री हमारी पॉलिसी का उल्लंघन नहीं करती ... कृपया इसका अध्ययन करें!' ऐसे में उचित ही है कि बाल मन की कोमलता की रक्षा करने के लिए बच्चों को इससे दूर ही रखा जाए। बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने के संबंध में एक तर्क यह दिया जाता है कि इससे उनमें मेलजोल बना रहेगा, वे किसी विषय पर चर्चा कर सकेंगे। बच्चों में मेलजोल बढ़ाने के लिए उन्हें आमने-सामने बैठाकर संवाद कराना चाहिए। इस उम्र में अच्छी संगति बहुत मायने रखती है। प्राय: सोशल मीडिया पर मिलने वाले अनजान लोगों की नीयत के बारे में तो कुछ पता नहीं होता। कई बच्चों को सोशल मीडिया की भयंकर लत लग जाती है। वे फर्जी पहचान के साथ अकाउंट तक बना लेते हैं। उसके बाद घंटों व्यस्त रहकर खाना-पीना, खेलकूद और पढ़ाई करना भी भूल जाते हैं। जब उन्हें टोका जाता है तो रूठने और झगड़ा करने लगते हैं।

बच्चों को चाहिए कि वे सोशल मीडिया की दुनिया से दूरी बनाएं और प्रकृति के निकट जाएं, खेलकूद में भाग लें, तन और मन से मजबूत बनें। रील लाइफ और रियल लाइफ में अंतर समझें। यह आपके जीवन की सबसे सुनहरी अवधि है। एक बार बचपन चला गया, सो चला गया। इसे सोशल मीडिया और ओटीटी के चक्कर में बर्बाद न करें। सोशल मीडिया ने कई बच्चों के मन पर बुरी तरह कब्जा कर रखा है। वे समसामयिक घटनाओं की जानकारी हासिल करने में न के बराबर रुचि रखते हैं। अगर उनसे देश के अत्यंत महत्त्वपूर्ण पदों पर सेवारत लोगों के नाम पूछ लिए जाएं तो वे बगलें झांकने लगते हैं। जबकि यह पूरा याद रहता है कि कोरियन ड्रामों में आजकल क्या चल रहा है, फलां विदेशी बैंड के नए सदस्य का क्या नाम है, पेरिस में किस सेलिब्रिटी की नई हेयर स्टाइल को लोग कॉपी कर रहे हैं! कई बच्चे इन कथित विदेशी सेलिब्रिटी से इतने गहरे प्रभावित हैं कि उनकी एक झलक पाने, उनसे मुलाकात करने के लिए अपना घर तक छोड़ सकते हैं। उन्हें पता ही नहीं कि वे कितना बड़ा जोखिम उठा रहे हैं, जिससे जान भी खतरे में पड़ सकती है! इसी साल जनवरी में दक्षिण कोरिया के एक पॉप बैंड के सदस्यों से मिलने के लिए तमिलनाडु की तीन किशोरियों का घर छोड़कर चले जाने का मामला सामने आया था। वे समुद्री मार्ग से द. कोरिया जाना चाहती थीं। उन्होंने किराए के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम कर लिया था। जब वे आधी रात को एक रेलवे स्टेशन पर थीं तो पुलिस ने उन्हें देखा और सुरक्षित घर पहुंचाया। कोई शातिर अपराधी उन बच्चियों की मासूमियत का गलत तरीके से फायदा उठाकर बड़ी वारदात को अंजाम भी दे सकता था। बच्चों का वर्तमान बचाने और भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए सरकारों को अभिभावक की भूमिका निभानी चाहिए। अगर इसके लिए सोशल मीडिया समेत किसी भी माध्यम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाना हो तो जरूर अपनाएं।

## ट्वीटर टॉक



जोधपुर के फलौदी विधानसभा क्षेत्र में फलोदी विधानसभा क्षेत्र में छ55 करोड़ 65 लाख से फलोदी , जाम्भा, चाखू, चिमाणा एवं ढाढरवाला के लिए 53 किमी लंबाई तक 24 फुट चौड़ी सड़क बनाई जाएगी।यह डबल इंजन सरकार की गति से विकास है।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को शहरी विकास परियोजनाओं में तीव्र गति लाने, आवासीय योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु विशेष निर्देश दिए।

**–भजनलाल शर्मा**



महाराष्ट्र में हुए दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे की सूचना दु:खद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर, दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अथाह पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है।

**–राज्यवर्धन सिंह राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# मन की लगाम

स्वामी अनंतदेव अपने घोड़े पर सवार होकर एक गांव की ओर बढ़ रहे थे। रास्ते में एक राहगीर मिला। उसने संत से कहा कि मुझे अमुक गांव जाना है, थोड़ा साथ दे दो तो आपकी बड़ी कृपा होगी। संत अनंतदेव ने उसकी बात को स्वीकारा और अपने घोड़े पर बिठा लिया। बीच में राहगीर बोला, 'महाराज! आपके न बाल-बच्चे, न धंधा-न व्यापार, आप तो संत हैं, आप इस घोड़े का क्या करेंगे? हम गृहस्थ हैं। घोड़े का अधिक उपयोग तो हमारे लिए है। इसलिए कृपया ये घोड़ा मुझे दे दो तो आपकी बड़ी कृपा होगी।' संत अनंतदेव ने बोला, 'ठीक है, मैं तुम्हें घोड़ा दे दूंगा, लेकिन मेरी एक शर्त है कि आपका गांव तीन मील दूर है। जब तक गांव नहीं आता तुम्हें पूरे रास्ते केवल राम नाम जपना होगा और अगर एक बार भी 'राम, राम, राम' छूटा तो मैं घोड़ा नहीं दूंगा। यह सुनकर राहगीर ने सोचा कि साधु को अच्छा पटा लिया। घोड़ा अपनी गति से चल रहा था और राहगीर का मन उससे तेज गति से चल रहा था। उसने सोचा संत ने कहा है कि घोड़ा दूंगा, लेकिन लगाम की तो बात हुई नहीं। मुंह से 'राम-राम' बोल रहा है और मन में लगाम देंगे कि नहीं? कुछ समय बाद आखिर उसने पूछ ही लिया कि महाराज आप घोड़ा तो दोगे, लगाम दोगे कि नहीं? संत ने कहा 'ज्ञानी' अब न घोड़ा मिलेगा न लगाम, क्योंकि तुम शर्त हार गये?

## सामयिक

# भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

**डॉ सत्यवान सौरभ**
मोबाइल : 9466526148

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से उड़ाई गई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में एक महत्त्वपूर्ण अतिरिक्त है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक सार्वभौमिक वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, एक सार्वभौमिक वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करके, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है।

लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसके प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उन्हें पता लगाना और रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा में भेदने में रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में।

> **यह मिसाइल एक रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा स्वीकृत मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो स्वीकृति की आवश्यकता (एनओएन) के तहत है, जो इसके रणनीतिक महत्त्व पर ज़ोर देता है। 1,000 किलोमीटर से अधिक की योजनाबद्ध सीमा के साथ, यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेष रूप से नौसेना को अपनी समुद्री-स्किमिंग क्षमताओं के साथ महत्त्वपूर्ण ताकत देगी।**

भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में आयोजित पहला परीक्षण एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से किया गया और यह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी, क्योंकि मिसाइल ने योजना के अनुसार प्रदर्शन किया और सभी प्राथमिक मिशन लक्ष्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पर रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और इसके उड़ान पथ के साथ लगाए गए टेलीमेट्री उपकरण सहित सेंसर की एक सरणी का उपयोग करके बारीकी से निगरानी की गई थी। मिसाइल ने सटीक वेपॉइंट नेविगेशन का प्रदर्शन किया और अलग-अलग ऊंचाइयों और गति पर जटिल युद्धाभ्यास को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइलें आधुनिक सैन्य शस्त्रागार का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो रणनीतिक लक्ष्यों पर स्टैंड-ऑफ दूरी से लंबी दूरी के हमले करने में सक्षम बनाती हैं, जिसका अर्थ है कि मिसाइल को लक्ष्य से बहुत दूर लॉन्च किया जा सकता है, जिससे लॉन्च प्लेटफॉर्म और इसे संचालित करने वाले कर्मियों को नुक़सान से सुरक्षित रखा जा सकता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और भूभाग से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और अवरोधन करना कठिन हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा को भेदने में रणनीतिक लाभ मिलता है।

लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं। बेंगलूरु में डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) द्वारा विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी परियोजना है। कुछ सेंसर और एक्सेलेरोमीटर को छोड़कर मिसाइल के सभी घटक स्थानीय रूप से सोर्स किए गए हैं। हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और बेंगलूरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है। जमीन-आधारित और नौसैनिक तैनाती दोनों के लिए डिज़ाइन की गई, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल (यूवीएलएम) का उपयोग करके मोबाइल ग्राउंड प्लेटफ़ॉर्म और जहाजों से लॉन्च किया जा सकता है, यह एक सिस्टम है जिसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा पेटेंट किया गया है और यह पहले से ही 30 भारतीय नौसेना के जहाजों पर चालू है।

यह मिसाइल एक रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा स्वीकृत मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो स्वीकृति की आवश्यकता (एनओएन) के तहत है, जो इसके रणनीतिक महत्त्व पर ज़ोर देता है। 1,000 किलोमीटर से अधिक की योजनाबद्ध सीमा के साथ, यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेष रूप से नौसेना को अपनी समुद्री-स्किमिंग क्षमताओं के साथ महत्त्वपूर्ण ताकत देगी। मिसाइल के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगभग 20 अतिरिक्त परीक्षण उड़ानों की योजना बनाई गई है, जिसमें स्वदेशी रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर के माध्यम से टर्मिनल होमिंग भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डीआरडीओ द्वारा मिसाइल के परीक्षण पूरे होने के बाद, भारतीय नौसेना लगभग 5, 000 करोड़ रुपये की क़ीमत की लगभग 200 लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का ऑर्डर दे सकती है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित, एओएन द्वारा स्वीकृत मिशन मोड परियोजना है, जिसके सेवा में प्रवेश के लिए एक निर्धारित समय-सीमा है।

## नजरिया

# क्यों टला वक्फ बोर्ड संशोधन बिल?

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130

वक्फ संशोधन बिल को अब कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है। बताया जाता है कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर भाजपा को सहयोगियों का साथ नहीं मिलता दिख रहा है। यही वजह है कि भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने खुद इस मामले को अभी शांत रखने का प्रस्ताव दिया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। पहले सरकार इस बिल को मौजूदा शीतकालीन सत्र में लाने की तैयारी थी। जे सी पी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल इस प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास भेजेंगे।निशिकांत दुबे ने अपने प्रस्ताव में कहा कि समिति को और वक्त मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समिति को अपनी रिपोर्ट संसद के बजट सत्र के पहले सप्ताह में सौंपनी चाहिए। बता दें कि वक्फ बिल की समीक्षा के लिए गठित जेसीपी का कामकाज शुरू से ही सुचारू नहीं रहा। हर बैठक में दोनों पक्षों के बीच काफी हंगामा और तीखी बहस होती रही है। मोदी सरकार का दावा है कि इस बिल के पास हो जाने के बाद वक्फ बोर्ड की शक्तियां पहले के तुलना में और पारदर्शी हो जाएंगी। हालांकि, इसके बाद भी भाजपा को अपने सहयोगियों का भी समर्थन नहीं मिल रहा है।

इसी कारण शायद वक्फ संशोधन बिल को अब कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है। इसे अब अगले साल (2025) बजट सेशन में पेश किया जा सकता है। पहले इस बिल को मौजूदा सत्र में ही लाने की तैयारी थी, लेकिन जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठकों में लगातार बढ़ते विवादों के चलते इसे टालना पड़ा। कांग्रेस के अनुसार तो ये फैसला विपक्ष की ओर से बढ़ते विरोध के चलते लिया गया। कांग्रेस ने इसे सरकार का एक और यू टर्न बताया है। पर वक्फ बोर्ड बिल को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है उससे लगता है कि सरकार कुछ और सोच रही है। जिस तरह पिछले दिनों भाजपा के मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा हमें दिए गए संविधान में वक्फ कानून के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन कांग्रेस ने अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए इसका समर्थन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 में कांग्रेस का शासन खत्म होने से पहले पार्टी ने दिल्ली के पास की कई संपत्तियां वक्फ बोर्ड को सौंप दी थीं। जिस तरह मोदी ने स्पेशली दिल्ली का नाम लिया उससे लगता है कि सरकार इसे अगले विधानसभा चुनावों में बड़ा मुद्दा बनाने वाली है। इसके साथ ही जिस तरह भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हजारों लोग अचानक इस बिल को लेकर सक्रिय हुए हैं वो कुछ और इशारा करता है। बहुत बड़ी संख्या में अचानक लोग यह कहने लगे हैं कि वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन नहीं वक्फ बोर्ड को ही खत्म कर दिया जाना चाहिए। यह सब देखकर यही नहीं लगता है कि वक्फ बोर्ड संशोधन का दायरा और बड़ा किया जा सकता है? क्या वक्फ बोर्ड को मृतप्राय करने की तैयारी है?




इधर आज खबर आई कि सरकार ने वक्फ बोर्ड बिल पर यू टर्न ले लिया है। और आज ही सुबह प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस से खबर आई कि वहां के एक 115 साल पुराने 500 एकड़ पर निर्मित अति प्रतिष्ठित उत्तरप्रदेश कॉलेज को वक्फ बोर्ड ने अपनी जमीन घोषित कर दिया है। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक प्रसिद्ध मंदिर को भी इसी महीने वक्फ बोर्ड ने अपनी जमीन घोषित करके वहां बाउंड्री वॉल से घेरने का काम शुरू किया है। इन दोनों मुद्दों ने सोशल मीडिया पर आग लगा रखी है। पूर्व राज्यसभा सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने एक्स पर लिखा कि अब तो हद हो गई, 115 साल पुराने उत्तर प्रदेश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित, वाराणसी के उदयप्रताप कॉलेज पर वक्फ बोर्ड का दावा। 500 एकड़ में फैले उत्तरप्रदेश कॉलेज में 20 हजार छात्र पढ़ते हैं। वक्फ बोर्ड और विस्फोटक जनसंख्या वृद्धि इस्लामीकरण स्थापित करने का सबसे बड़ा साधन बन गया है। त्वरित शल्य क्रिया अपरिहार्य है।

इसी तरह हिंदू हितों की बात करने वाली एक और नेता साध्वी प्राची ने वक्फ बोर्ड को तुरंत प्रभाव से खत्म करने की बात की है। एक्स पर कुछ लोग प्रश्नोत्तरी भी चला रहे हैं कि वक्फ बोर्ड बिल संशोधित होना चाहिए या वक्फ बोर्ड को ही खत्म कर देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह ही चुके हैं कि संविधान में वक्फ की कोई जगह नहीं है।

जाहिर है कि जिसे कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी सरकार का यू टर्न समझ रही है वो सरकार का मेगा प्लान है। भाजपा की इस गुगली को कांग्रेस समझ नहीं पा रही है या जानबूझकर खुश होने का नाटक कर रही है। पर मामला इतना आसान दिखता नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराकर समझ चुकी है किसी भी समस्या के समाधान हो जाने के बाद वह मुद्दा खत्म हो जाता है। अगर राम मंदिर बनने में कोई समस्या रह गई होती तो हो सकता था कि लोकसभा चुनावों में कम से कम उत्तर प्रदेश में तो भाजपा की दुर्गति नहीं हुई होती। भाजपा यह जानती है कि वक्फ बोर्ड का मुद्दा अभी तो आम लोगों तक पहुंचा नहीं है। अभी केवल मीडिया और सोशल मीडिया पर ही हाइप है। जैसे जैसे मंदिर, स्कूल, कॉलेज और कॉलोनियों पर वक्फ बोर्ड का दावा बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे वक्फ बोर्ड को लेकर लोगों के बीच में जागरूकता बढ़ती जा रही है। बिना जनता के जागरूक हुए कानून बन गया तो भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे का राजनीतिक फायदा नहीं उठा पाएगी। कभी यही काम कांग्रेस किया करती थी। मुद्दे को जीवित रखना है और कभी समाधान नहीं करना है। दिल्ली और बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव है। तब तक वक्फ बोर्ड को लेकर बहुत सी बहसें होंगी, वक्फ बोर्ड बहुत सी जमीनों पर कब्जे की कोशिश करेगा। गंगा और यमुना में वक्फ बोर्ड को लेकर जितना पानी बहेगा इन राज्यों में भाजपा के लिए उतना ही खाद पानी तैयार होगा।

भोजूबीर तहसील सदर के रहने वाले वसीम अहमद खान ने रजिस्ट्री पत्र भेजकर ये बताया कि उत्तरप्रदेश कॉलेज छोटी मस्जिद नवाब टोंक की संपत्ति है जिसे नवाब साहब ने छोटी मस्जिद को वक्फ कर दिया था। लिहाजा ये वक्फ की संपत्ति है और इसे नियंत्रण में लिया जाना चाहिए। अगर 15 दिन के अंदर कॉलेज प्रबंधन की तरफ से अगर कोई जवाब नहीं दिया गया तो आपकी आपत्ति फिर नहीं सुनी जाएगी। इस पर जवाब देते हुए उत्तरप्रदेश कॉलेज शिक्षा समिति के तत्कालीन सचिव यूएन सिन्हा ने 21 दिसंबर को कहा था कि उदय प्रताप कॉलेज की स्थापना 1909 में चैरिटेबल एंडाउमेंट एक्ट के तहत हुआ था। इस पूरे मामले पर उदय प्रताप कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. डीके सिंह ने बताया कि उत्तरप्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से उत्तरप्रदेश कॉलेज में मौजूद एक मजार की तरफ से एक नोटिस भिजवाई गई थी कि उत्तरप्रदेश कॉलेज की जमीन उत्तरप्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की है, जिस पर तत्कालीन सचिव ने जवाब भी भेज दिया था कि यह जमीन एंडाउमेंट ट्रस्ट की है। न तो जमीन खरीदी जा सकती है और न ही बेची जा सकती है और किसी भी प्रकार का मालिकाना हक भी है तो समाप्त हो जाता है। यह किसी अवांछनीय तत्व की हरकत है जो इस जमीन को उत्तरप्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की जमीन बता रहा है।

उन्होंने बताया कि जवाब दे देने के बाद से ही बोर्ड की तरफ से किसी भी तरह का आगे पत्र व्यवहार नहीं किया गया था। लेकिन इधर बीच वे कुछ निर्माण कार्य मस्जिद में कराना चाहते थे, जिसपर हमने एक्शन लिया और निर्माण सामग्री भी पुलिस के सहयोग से हटवा दी था। उन्होंने बताया कि 2022 में पुलिस को भी सूचित कर दिया था कि कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो सकता है। प्रिंसिपल प्रो. डीके सिंह ने बताया कि मजार की बिजली भी कटवा दी क्योंकि मजार पर बिजली कॉलेज से ही अवैध रूप से चोरी करके जलाई जाती थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने उस वक्त नोटिस भेजकर प्रयास किया था, लेकिन तत्कालीन प्राचार्य और सचिव ने सक्रियता से इसका जवाब दिया था।

दावा करने वाले वाराणसी के भोजूबीर के रहने वाले वसीम अहमद खान का पिछले साल 75 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया था। 2022 में वसीम अहमद ने वक्फ बोर्ड को ये भी बता दिया था कि उनकी तबियत ठीक नहीं रहती। लिहाजा वो इस मामले की पैरवी नहीं कर सकते। बताया जाता है कि 1857 के गदर में टोंक के नवाब को अंग्रेजों ने यहां नजरबंद किया था। उनके लोग उनकी वजह से यहां बस गए थे और नवाब साहब ने अपने लोगों के लिए बड़ी मस्जिद और छोटी मस्जिद बनवाई थी। उत्तरप्रदेश कॉलेज के परिसर में छोटी मस्जिद है। मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोग खुद सवाल कर रहे हैं कि सरकार वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन क्यों नहीं कर रही है? बोर्ड में सिर्फ शक्तिशाली लोग ही शामिल हैं। भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। पारदर्शिता के लिए व्यवस्था किए जाने की मांग की जा रही है। उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता मोहसिन रजा कहते हैं कि पूरे देश और समाज की मांग थी कि ऐसा कानून आना चाहिए। वक्फ बोर्ड ने 1995 के कानून का बहुत दुरुपयोग किया है। वक्फ बोर्डों ने निरंकुश होकर अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया है। अगर कोई संपत्ति गलत ढंग से वक्फ संपत्ति में दर्ज हो गई तो उसको कैसे निकाला जाएगा। वक्त बोर्ड कोई अदालत नहीं है जो फैसला करे कि वक्फ की संपत्ति कौन सी है और कौन सी नहीं है। निर्णय लेने का अधिकार हमारे अधिकारियों को है। यह संशोधन इसीलिए लाया जा रहा है कि अगर कोई शिकायत है तो उसकी सुनवाई हमारे अधिकारी करेंगे और अधिकारी बताएंगे कि वक्फ बोर्ड क्या कार्रवाई करे। अमूमन लोग अपनी शिकायत लेकर वक्फ बोर्ड जाते हैं तो उनको न्याय नहीं मिल पाता है। वक्फ बोर्ड अपनी निरंकुश शक्तियों से ऊपर उठकर काम कर रहे हैं। मोदी सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है, इससे तमाम लोगों को बहुत फायदा मिलेगा।

मोहसिन रजा कहते हैं कि वक्फ गरीब दबे कुचले मुसलमानों के लिए चैरिटी है लेकिन वक्फ बोर्ड कहता है कि हमारे पास कोई पैसा नहीं है। हमारी कोई आमदनी नहीं है। इनके पास करोड़ों की संपत्तियां हैं तो फिर वो संपत्तियां कहां हैं। इसी को लेकर यह संशोधन एक्ट लाया जा रहा है। कई बार कोई भी संपत्ति को सर्वे के आधार पर ही वक्फ में दर्ज हो जाती है, जब उसके वंशज अपने पूर्वजों की संपत्ति को लेने के लिए दौड़ते हैं लेकिन वक्फ कहता है कि हमने सर्वे रिपोर्ट पर वक्फ प्रॉपर्टी में दर्ज किया है, लेकिन उनके पास कोई दस्तावेज नहीं है। ना उनके पास वकफनामा होता है। ना ही वसीयतनामा। यह लोग अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर ऐसे तमाम संपत्तियों पर लोगों को परेशान करते हैं जिसको लेकर ही जनता के हित में संशोधन लाया जा रहा है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# गर्म झरनों में मौजूद खनिजों से धरती पर जीवन की शुरुआत का पता चला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिडनी। सबसे बड़े वैज्ञानिक रहस्यों में से एक यह है कि पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत कहां से हुई। शोध में अक्सर गहरे समुद्र में हाइड्रोथर्मल वेंट की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया जाता है-समुद्र तल पर स्थित वे ऊंची संरचनाएं जो लगातार कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थों का मिश्रण बाहर निकालती रहती हैं।

इनमें आयरन सल्फाइड नामक खनिज होते हैं, जिनके बारे में वैज्ञानिकों का मानना है कि इनसे जीवन आरंभ करने वाली शुरुआती रासायनिक प्रतिक्रियाओं को बढ़ाने में मदद मिली होगी। ये वही खनिज हैं जो आज गर्म झरनों में भी पाए जाते हैं, जैसे कि अमेरिका के येलोस्टोन नेशनल पार्क में ग्रैंड प्रिज़मैटिक स्प्रिंग। गर्म झरने पृथ्वी की सतह के नीचे ज्वालामुखी गतिविधि द्वारा गर्म भूजल से निकलते हैं।

हमारा नया शोध इस बात के छोटे लेकिन बढ़ते प्रमाणों में शामिल है कि इन गर्म झरनों के प्राचीन संस्करणों ने पृथ्वी पर जीवन के उद्भव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई होगी। यह उन प्रतिस्पर्धी परिकल्पनाओं के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है, जहां जीवन का उद्भव हो सकता है। कार्बन फिक्सेशन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई जीव हवा में मौजूद और पानी में घुली कार्बन डाइऑक्साइड को कार्बनिक अणुओं में बदल देते हैं।

पौधे, बैक्टीरिया और आर्किया के नाम से जाने जाने वाले सूक्ष्मजीवों सहित कई जीव रूपों में इसे प्राप्त करने के लिए अलग-अलग रास्ते हैं। प्रकाश संश्लेषण इसका एक उदाहरण है।

इनमें से प्रत्येक तरीके में एंजाइम और प्रोटीन का एक झरना होता है, जिनमें से कुछ में लोहे और सल्फर से बने कोर होते हैं। हम सभी प्रकार के जीवन में इन लौह-सल्फर समूहों वाले प्रोटीन पा सकते हैं। वास्तव में, शोधकर्ताओं का कहना है कि वे अंतिम सार्वभौमिक सामान्य पूर्वज-एक प्राचीन पैतृक कोशिका से जुड़े हैं, जिससे जीवन विकसित हुआ और विविधतापूर्ण हुआ।

लौह सल्फाइड वे खनिज हैं जो तब बनते हैं जब घुला हुआ लोहा हाइड्रोजन सल्फाइड के साथ प्रतिक्रिया करता है-हाइड्रोजन सल्फाइड एक ज्वालामुखीय गैस है जो गर्म झरनों को सड़े हुए अंडे की तरह गंध देती है। लौह सल्फाइड और कार्बन फिक्सेशन के बीच इस संबंध से कुछ शोधकर्ताओं की यह राय है कि इन खनिजों ने प्रारंभिक पृथ्वी भू-रसायन विज्ञान से लेकर जीव विज्ञान तक के संक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

हमारा नया प्रकाशित शोध प्राचीन भूमि-आधारित गर्म झरनों में लौह सल्फाइड की रासायनिक गतिविधि की जांच करके इस ज्ञान का विस्तार करता है, जिसमें गहरे समुद्र के झरनों के समान भू-रसायन विज्ञान है।

हमने एक छोटा कक्ष तैयार किया जो हमें प्रारंभिक पृथ्वी पर गर्म पानी के झरने के वातावरण का अनुकरण करने में मदद करेगा। फिर हमने संश्लेषित आयरन सल्फाइड के नमूनों को कक्ष में फैलाया। कुछ शुद्ध थे। अन्य को गर्म झरनों में आम तौर पर पाए जाने वाले अन्य धातुओं के साथ मिलाया गया। इन नमूनों के ऊपर एक लैंप ने पृथ्वी की प्रारंभिक सतह पर सूर्य के प्रकाश की नकल की। अलग-अलग मात्रा में पराबैंगनी विकिरण के साथ प्रकाश की नकल करने के लिए अलग-अलग लैंप का इस्तेमाल किया गया।

# अरबपति मलेशियाई उद्यमी आनंद कृष्णन का 86 वर्ष की आयु में निधन

कुआलालंपुर/एपी



मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनका बृहस्पतिवार को निधन हो गया और उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार, ''आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है।'' फोर्ब्स पत्रिका ने आनंद को मलेशिया का छठा सबसे अमीर व्यक्ति बताया था जिनकी कुल संपदा 5.1 अरब डॉलर की है।

एक अप्रैल, 1938 को जन्मे आनंद ने हार्वड बिजनेस स्कूल से स्नातक की पढ़ाई की थी। उन्होंने तेल व्यापार से अपना करियर शुरू किया और फिर अन्य क्षेत्रों में भी व्यापार को बढ़ाया। दूरसंचार कंपनियों मैक्सिस, मीडिया कंपनी एस्ट्रो, उपग्रह सेवा कंपनी मीसेट और तेल सेवा प्रदाता कंपनी बूमी आर्मदा समेत अन्य कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी थी।

स्थानीय मीडिया के अनुसार आनंद ने 1980 और 1990 के दशकों में अपनी संपदा का विस्तार किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद के करीबी थे। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी बरनामा ने शुक्रवार को अपनी खबर में बताया कि उन्होंने ही महाथिर को 88 मंजिला पेट्रोनस ट्विट टॉवर बनाने का विचार सुझाया था। आनंद ने मलेशिया में शिक्षा, कला, खेल में दान देने के साथ अनेक मानवीय सहायता कार्य किए।

'एज' अखबार के अनुसार 2018 में भारतीय अधिकारियों ने उन्हें उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल भ्रष्टाचार घोटाले से जोड़ा था। भारत में उनके और उनके पूर्व सहायक राल्फ मार्शल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे, लेकिन न तो उन्हें गिरफ्तार किया गया और न ही आरोपों का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार आनंद इतने धनवान और सफल होने के बावजूद खबरों से दूर रहते थे। वह मलेशिया और फ्रांस के बीच यात्रा करते रहते थे।

वह फ्रांस में ही अपनी पत्नी के साथ रहते थे। आनंद का इकलौता बेटा थाइलैंड में बौद्ध भिक्षु है। उनकी दो बेटियां उनके कारोबार से नहीं जुड़ीं। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने आनंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ''कॉर्पोरेट जगत, परोपकार कार्यों और समाज में उनका योगदान निश्चित रूप से याद रखा जाएगा।''



# एक ही फ्रेम में कैद हुए 'हाउसफुल 5' के सितारे

मुंबई/एजेन्सी

कई सितारों से सजी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'हाउसफुल 5' के रिलीज को लेकर दर्शक खासे उत्साहित हैं। इस बीच एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें फिल्म के सभी सितारे एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। साजिद नाडियावाला के प्रोडक्शन हाउस साजिदवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने सितारों से भरी तस्वीर को ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर कर प्रशंसकों को फिल्म के बारे में अपडेट दिया है। कैप्शन में लिखा है, हमारे सिनेमाई सफर के शेड्यूल पर काम जारी है, शेड्यूल खत्म होने को है! शेयर की गई तस्वीर में अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिज, श्रेयस तलपड़े, दिशा पटानी के साथ ही अन्य सितारे तस्वीर में नजर आ रहे हैं।

प्रोडक्शन हाउस ने हिंट देते हुए बताया कि फिल्म अब रिलीज होने में ज्यादा दिन नहीं है क्योंकि शेड्यूल अंतिम दौर में चल रहा है। 'हाउसफुल 5' साजिद नाडियावाला के हाउसफुल सीरीज की पांचवी फिल्म है। सीरीज की पिछली हर फिल्म हिट रही और दर्शकों का मनोरंजन करने में सफल रही। दर्शक इस बार भी अगली फिल्म के रिलीज को लेकर बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मस्ती, मनोरंजन, कॉमेडी के साथ थोड़ा एक्शन का पुट भी इस बार दर्शकों को मिलना है।

जानकारी के अनुसार, फिल्म की शूटिंग दुनिया के कई हिस्सों में की गई है। 'हाउसफुल 5' के कलाकारों की लिस्ट पर नजर डालें तो फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, श्रेयस तलपड़े, अभिषेक बच्चन के साथ जैकलीन फर्नांडिज नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, चित्रांगदा सिंह, सौंदर्या शर्मा समेत अन्य कई शानदार सितारे हैं। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में तैयार फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

# समोआ तट के पास न्यूजीलैंड नौसेना का जहाज चालक दल की गलतियों के कारण डूबा था

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)/एपी। समोआ के तट के पास न्यूजीलैंड की नौसेना के जहाज के एक चट्टान से टकराने के बाद उसमें आग लगने और उसके डूबने की घटना को लेकर की गई जांच में सामने आया कि यह हादसा चालक दल के सदस्यों की गलतियों के कारण हुआ। शुक्रवार को जारी की गई सेना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' में इसकी पुष्टि की गई है।

जांच की पहली रिपोर्ट के निष्कर्ष में कहा गया कि जहाज के चालक दल को यह एहसास नहीं हुआ कि जहाज स्वचालित स्थिति में था, उन्हें लगा कि जहाज में कुछ और गड़बड़ है और चूंकि जहाज जमीन की ओर बढ़ रहा था ऐसे में उन्होंने यह भी नहीं जांचा कि नौसेना का जहाज 'एचएमएनजेडएस मनावनुई' मैन्युअल था या नहीं। पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। घटना अक्टूबर की है जब उपोलू, समोआ के तट से लगभग 1.6 किलोमीटर (एक मील) दूर नौसेना का जहाज डूब गया। हालांकि उस पर सवार सभी 75 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। इस जहाज के डूब जाने के बाद न्यूजीलैंड की नौसेना के पास सिर्फ आठ जहाज रह गए हैं।

घटना के समय अधिकारी जहाज के डूबने का कारण पता नहीं लगा पाए थे जिसके बाद नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने जांच के लिए 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया।

गोल्डिंग ने शुक्रवार को ऑकलैंड में संवाददाताओं से कहा, सीधे तौर पर जहाज के डूबने का कारण मानवीय त्रुटियां थीं। स्थिति को देखते हुए जहाज को स्वचालित स्थिति से हटा देना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। चालक दल को पैनल पर देखना चाहिए था कि स्क्रीन पर स्वचालित स्थिति दिख रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि चालक दल को लगा कि ''थ्रस्टर के खराब होने के कारण जहाज संचालित नहीं हो पा रहा है।

# उपराष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना समय की बर्बादी है : मार्कोस

मनीला/एपी। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी।

कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं।

दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

मार्कोस ने इस राजनीतिक टकराव को ज्यादा तवज्जो नहीं देने की कोशिश करते हुए संवाददाताओं से कहा, यह बेकार का हंगामा है। उन्होंने महाभियोग के बारे में कहा, यह महत्वपूर्ण नहीं है। इससे फिलीपीन के एक भी व्यक्ति के जीवन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।



अभिनेत्री सोहा अली खान और सागरिका घाटगे शुक्रवार, को मुंबई में मोहा स्टैंड ऑन योर फीट (सोयफ) अभियान के ग्रैंड शोकेस में शामिल हुईं।

# अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' को सेंसर बोर्ड ने किया पास

मुंबई/एजेन्सी



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज को लेकर देश भर में दर्शकों का उत्साह चरम पर है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी एक अपडेट प्रशंसकों के साथ शेयर की है। फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है। अल्लू अर्जुन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर अपकमिंग मोस्ट अवेटेड फिल्म का एक पोस्टर शेयर कर सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिलने की जानकारी दी है। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, यह अ/व है। फिल्म के पोस्टर में दमदार अभिनेता 'पुष्पा' के अपने धांसू अंदाज में नजर आ रहे हैं। यह खबर जैसे ही प्रशंसकों को मिली तो उनका उत्साह काफी बढ़ गया। फिल्म आगामी 6 दिसंबर को सिनेमाघरों आएगी। इसके हर अपडेट पर 'पुष्पा' के फैंस नजरें गड़ाए बैठे हैं। फिल्म के नए अपडेट को लेकर प्रशंसकों ने अल्लू अर्जुन के पोस्ट पर जमकर कमेंटस किए। एक फैन ने लिखा, मजेदार, इंतजार था। एक अन्य ने लिखा, सिनेमाघरों में आ रहा है पुष्पा। दूसरे ने लिखा, सुपर अल्लू सर जी।

'पुष्पा 2: द रूल' का ट्रेलर हाल ही में पटना के गांधी मैदान में लॉन्च हुआ था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में प्रशंसकों का उत्साह देखने लायक था। लाखों की संख्या में गांधी मैदान में जुटी प्रशंसकों की भीड़ अपने 'श्रीवल्ली' और 'पुष्पा' की एक झलक पाने को बेकरार दिखी। प्रशंसकों की भीड़ में से कुछ मैदान में लगे टावर पर चढ़ गए तो कुछ जोर-जोर से अपने सुपरस्टार के लिए चिल्लाते भी नजर आए। हाई-वोल्टेज एक्शन-ड्रामा में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा।



# फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू, मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता स्टारर फिल्म मुझे मेरी बीवी से बचाओ का का ट्रेलर इंटर 10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो गया है।


रेनू विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म मुझे मेरी बीवी से बचाओ के निर्माता विनय सिंह, डॉ. संदीप उज्जवल और सुशांत उज्जवल हैं। फिल्म का निर्देशन राज किशोर प्रसाद (राजू) ने किया है। निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) ने बताया कि मुझे मेरी बीवी से बचाओ एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है, जिसमें हास्य और भावनाओं का शानदार मिश्रण है। उन्होंने कहा, यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

कहानी में ऐसे मजेदार मोड़ हैं, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करेंगे। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू ने इस प्रोजेक्ट को जीवंत बनाने के लिए जी-जान से मेहनत की है।हमने फिल्म की कहानी को दर्शकों से जोड़ने की कोशिश की है। इसका निर्देशन एक ऐसी शैली में किया गया है, जो हर दर्शक को आकर्षित करेगा।

हमारे पास बेहतरीन कलाकारों के साथ एक मजबूत तकनीकी टीम भी है, जिसने फिल्म को उच्च गुणवत्ता का बनाया है। उम्मीद है कि मुझे मेरी बीवी से बचाओ दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाएगी और यह फिल्म उन्हें हंसी और खुशी से भर देगी। फिल्म मुझे मेरी बीवी से बचाओ में अरविंद अकेला कल्लू मुख्य भूमिका में हैं, जबकि मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता उनकी सह-कलाकार हैं। माया यादव, रोहित सिंह मटरू और अन्य कलाकारों ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। इस फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। संगीतकार ओम झा है, जबकि गीतकार प्यारेलाल यादव और सुरेंद्र मिश्रा हैं। छायांकन समीर सैयद और संकलन गुर्जंट सिंह ने किया है।

# 'द राणा दग्गुबाती शो' में श्रीलीला ने अपने बॉलीवुड डेब्यू के बारे में दिया बड़ा हिंट

मुंबई/एजेन्सी



प्राइम वीडियो के 'द राणा दग्गुबाती शो' में अभिनेत्री श्रीलीला ने अपने बॉलीवुड डेब्यू के बारे में राणा दुग्गुबाती और सिद्धु जोंनालगड्डा को बड़ा हिंट दिया है। पहले एपिसोड की शानदार सफलता के बाद, प्राइम वीडियो द राणा दग्गुबाती शो का मच अवेटेड दूसरा एपिसोड लेकर आया है, जिसमें चार्मिंग सिद्धार्थ जोंनालगड्डा, जिन्हें सिद्धु के नाम से भी जाना जाता है, और एनर्जेटिक श्रीलीला एक दिलचस्प और खुलकर बात करने वाले एपिसोड में माहौल जमाते नजर आएंगे। इस एपिसोड में मजेदार बातचीत, हंसी से भरपूर पल और उनके पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खास चर्चाएं देखने मिलेगी। यह आम टॉक-शोज से हटकर है, जिसकी वजह से यह दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव बन गया है।

सिद्धु और राणा, श्रीलीला के आने वाले प्रोजेक्टस, खासकर उनके बॉलीवुड डेब्यू को लेकर काफी उत्सुक थे। हालांकि, श्रीलीला ने इन सवालों को टालने की कोशिश की और ज्यादा कुछ नहीं बताया क्योंकि इस बारे में ऑफिशियल तौर पर घोषणा होनी अभी बाकी है। राणा के जोर देने पर आखिरकार श्रीलीला ने माना, हां, यह सच है। यह मेरा पहली बार बॉलीवुड में काम करने का मौका होगा। यह एक नया और अलग अनुभव है। हाल ही में, श्रीलीला ने अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 के धमाकेदार डांस नंबर किसिक में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है। अब फैंस बेसब्री से उनके बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। राणा ने चुटकी लेते हुए पूछा, मैं जहां भी शादी में जाता हूं, वहां तुम्हें और तुम्हारी मां को देखता हूं। मेरे कजिन भी तुम्हें बहन बुलाते हैं। आखिर चल क्या रहा है? श्रीलीला ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हम ओंगोल के हैं, जो करमचेड़ आपके (राणा) होम टाउन के पास है। हम वहां संक्रांति के लिए अक्सर जाते थे।

राणा दग्गुबाती द्वारा निर्मित, होस्ट और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूस की गई 'द राणा दग्गुबाती शो' एक अनस्क्रिप्टेड तेलुगु ओरिजिनल सीरीज है, जिसमें कुल आठ एपिसोड हैं। इस शो में दुलकर सलमान, नागा चैतन्य अक्किनेनी, सिद्धु जोनालगड्डा, श्रीलीला, नानी, एस.एस. राजामौली, राम गोपाल वर्मा जैसे कई शानदार मेहमान शामिल हैं।हर शनिवार को नया एपिसोड आने वाले इस शो का दूसरा एपिसोड 30 नवंबर, शनिवार को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। यह शो भारत और 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में उपलब्ध है।

# बेस्टसेलर 'द किडनी स्कैम' का निर्माण करेंगी प्रभलीन संधू

मुंबई/एजेन्सी



प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर: द किडनी स्कैम का निर्माण करेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। प्रभलीन संधू इस फिल्म का निर्माण करेंगी। फिल्म बेस्टसेलर: द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक ङ्कङ्ककि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। जब उनमें से किसी से भी मदद की कोई उम्मीद नहीं होती है, तो उन्हें आखिरकार एक साहसी वकील से मदद मिलती है। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? क्या एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी उन्हें इस मुश्किल घड़ी से बाहर निकालने में मदद करेगा यह देखना काफी रोचक होगा। प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है। हम ऑलमाइटी मोशन पिक्चर में इस महत्वपूर्ण पुस्तक को प्राप्त करने के लिए उत्साहित हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

सूर्य का प्रकाश संपूर्ण संसार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि सूर्य जगाता है। आज के दिन कई लोग सोये रहते हैं लेकिन यह सक्रियता का संदेश देने वाला है। जो सक्रिय होता है उसे ऊर्जा प्रदान करने वाला है। जिसका रवि तेजस्वी है, वह सफलता प्राप्त करता है। सबके लिए उसकी उपस्थिति विशेष प्रकार के प्रभाव से भर देती है। जो पितृ भक्त होता है, उसका सूर्यबल बढ़ता है। जहां- जहां पिता का सम्मान है, वहां आपका भी सम्मान बढ़ेगा। यह बड़ों की विश्वसनीयता का प्रतीक है।

# आचार्यश्री हेमवल्लभसूरीश्वर ने पूरे किए 9999 आयंबिल तप



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन आचार्यश्री हेमवल्लभसूरीश्वरजी ने आजीवन आयंबिल तप करने की भीष्म प्रतिज्ञा ली है। गुजरात के वढवाण शहर में विराजित आचार्यश्री हेमवल्लभसूरीश्वरजी का शुक्रवार को 9999 आयंबिल तप पूर्ण हुआ जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। आयंबिल तप में साधक बिना मसाले, घी, तेल से बना मिठाई रहित भोजन दिन में एक बार करता है।

जैन धर्म में यह आयंबिल तप बहुत महान माना गया है। बेंगलूरु सहित देश के विभिन्न जैन संघों में उनके आयंबिल तप अनुमोदनार्थ अनेक तप व अनुमोदना कार्यक्रम आयोजित किए गए।



# स्नात्र महोत्सव का हुआ आयोजन

**कोयम्बटूर/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** यहां के आरएसपुरम् के शन्मुगा थियेटर रोड स्थित खुसालम नाहटा भवन में 29 नवम्बर को साध्वीश्री प्रियसोमंजनाश्रीजी के सान्निध्य में स्नात्र महोत्सव का आयोजन किया गया। कोयम्बटूर श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ द्वारा संचालित मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर से साध्वीवृंद लाभार्थी परिवार मोहनीबाई नेमीचन्द नाहटा और सकल संघ के साथ यहां पहुंची। महोत्सव में सबका स्वागत सुनील नाहटा ने किया। सुपार्श्वनाथ भक्ति मंडल के महिलाओं ने विधि विधान के साथ स्नात्र पूजन और भक्ति भजन की प्रस्तुति दी।



# ध्वजारोहण करने वाले परिवार पुण्यशाली होते हैं : उपाध्याय अभयुधप्रभ विजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के राजस्थान जैन मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित बड़ा सुपार्श्वनाथ मंदिर में 29 नवम्बर को उपाध्यायश्री अभ्युदयप्रभ विजयजी एवं पंन्यासश्री अर्पण विजयजी, साध्वीजीश्री हितार्थरत्नाश्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में मंदिर की 29 वी वर्षगाठ के मौके पर ध्वजारोहण किया गया। सुपार्श्वनाथ भक्ति मंडल द्वारा सतर भेदी पूजा पढाई गई। अरिहंत भवन से ध्वजारोहण के लाभाथी परिवार शा. हीराचन्द पुखराज बाफना के सिंधराज संदीप बाफना ने सकल संघ के साथ शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ मंदिर पहुंचे। जहां पुण्यामं, पुण्यामं के जयकारों के साथ ध्वजारोहण किया। सभी का स्वागत संघ के अध्यक्ष गुलाबचन्द मेहता ने किया। संतों ने अपने प्रवचन में ध्वजा के महत्व को बताते हुए कहा कि लाभार्थी परिवार के पुण्योदय के चलते ही आज का यह सुनहरा अवसर उन्हें मिला है। इस मंदिर की प्रतिष्ठा ऐतिहासिक रही है। इसके गवाह के साक्षी कई पुण्यआत्माएं आज यहां मौजूद हैं। गौरतलब है कि 29 वर्ष पूर्व आचार्य कलापूर्णसूरीश्वरजी म. सा. द्वारा इस मंदिर की प्रतिष्ठा की गई थी। कार्यक्रम में मंदिर के सहसचिव गौतमचंद बाफना, सह कोषाध्यक्ष मदनलाल जैन, कमिटी सदस्य और पूर्व अध्यक्ष जवन्तराज बागरेचा संघवी बाबूलाल बंदा मुथा सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# कवि ईश्वर करुण का हुआ सम्मान



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पिछले दिनों चेन्नई के कवि ईश्वर करुण का सम्मान भोपाल के साहित्यिकारों द्वारा दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। संग्रहालय की सचिव और राजुरकर राज स्मृति समारोह की निदेशक करुणा राजुरकर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर ईश्वर करुण का सम्मान किया।

मध्यप्रदेश लेखक संघ के ऋषि शृंगारी ने ईश्वर करुण का परिचय दिया और बताया कि वर्तमान दौर के श्रेष्ठ गीतकारों में ईश्वर करुण का नाम है। इनके गीत सहज सरल और बोधगम्य हैं, जिनका असर श्रोताओं पर जादू की तरह होता है। मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गट्टानी ने स्वागत किया, पूर्व अध्यक्ष डॉ राम वल्लभ आचार्य ने 2005 में सुने ईश्वर करुण के गीतों का उल्लेख करते हुए उन्हें गीतों का एक सशक्त हस्ताक्षर बताया।

संग्रहालय के अध्यक्ष रामाराव वामनकर ने ईश्वर करुण को 'स्मृति चिह्न' प्रदान किया। ईश्वर करुण ने आभार व्यक्त करते हुए अपनी मारिशस यात्रा के दौरान स्व राजुरकर राज के साथ बिताए दिनों का स्मरण किया और उन्हें एक समर्पित साहित्यकार बताया साथ ही अपने कुछ गीत प्रस्तुत किए। उपस्थित सभी साहित्यकारों ने अपनी रचनाएँ सुनाई।



# बीएचईएल ने व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए सीआईआई-एग्जिम बैंक पुरस्कार 2024 जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सतत उत्कृष्टता के अपने ट्रैक रिकॉर्ड की पुष्टि करते हुए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने लगातार दूसरी वर्ष व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित सीआईआई–एक्जिम बैंक पुरस्कार 2024 जीता है। यह पुरस्कार उत्कृष्टता, विविधता और गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य के अनुकूल होने की क्षमता के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यूरोपीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के उत्कृष्टता मॉडल पर आधारित है।

बीएचईएल की हरिद्वार इकाई ने प्रतिष्ठित सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार जीता है। इसके साथ ही, भोपाल, हैदराबाद, झाँसी, रानीपेट और प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग मैनेजमेंट इकाइयों/प्रभागों को प्लेटिनम सम्मान मिला है। यह पुरस्कार ईआरएण्डडी के निदेशक जेपी श्रीवास्तव ने कॉर्पोरेट गुणवत्ता और संबंधित प्रभागों की टीमों के साथ 27 नवंबर को बेंगलूरु में आयोजित 32वें सीआईआई उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन में प्राप्त किए।



# बेंगलूरु स्कूल ने छात्रों के लिए बनाई बांस की साइकिलें

बेंगलूरु। शहर के वर्तुर में द ग्रीन स्कूल (टीजीएसबी) ने पर्यावरण के लिए एक अनोखी पहल के तहत अपने छात्रों के लिए बांस की साइकिलें बनाई हैं। टीजीएसबी की संस्थापक एवं प्रिंसिपल उषा अय्यर ने बताया बांस में बहुत अधिक तन्य शक्ति होती है और बांस की साइकिलें 20 से 30 साल तक चल सकती हैं। भारत के पहले शून्य कार्बन स्कूल के रूप में, हमने यह पर्यावरण–अनुकूल पहल की और बांस की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए बांस से बनी लगभग 6 साइकिलें बनाईं। तीन दिवसीय बैम्बू 4 बेंगलूरु पहल का उद्घाटन कर्नाटक क; वन, पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग के मंत्री ईश्वर खांड्रे ने किया। उन्होंने स्कूल परिसर में टीजीएसबी के कक्षा 8 और 9 के छात्रों के साथ बांस की साइकिल चलाई। मंत्री ने स्कूल की इस पहल की सराहना की। खांड्रे ने कहा कि यह छात्रों को प्रकृति के करीब लाने का एक शानदार तरीका है।

इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों सहित सभी प्रतिभागियों को बांस के पौधे वितरित किये गये। प्रत्येक प्राप्तकर्ता को अपने आवासीय क्षेत्रों या ज़रूरत वाले अन्य स्थानों पर बांस लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय के भीतर बांस की खेती और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह हर किसी को हरित स्थानों में योगदान करने का व्यावहारिक अवसर प्रदान करता है।



# कार्यशाला में स्कूली बच्चों ने सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में जाना

## तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर ने आयोजित की कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के तहत बच्चों में सदसंस्कारों के सींचन हेतु संस्कारशाला के आखिरी चरण में 'सोशल मीडिया का सही उपयोग' विषय पर कार्यशाला का आयोजन मालगाला स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में किया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश चावत ने बच्चों को मेडिटेशन का प्रयोग करवाते हुए बच्चों को सोशल मीडिया की उपयोगिता के विषय में बताते हुए कहा कि मोबाइल व कंप्यूटर इत्यादि हमारे लिए बहुत उपयोगी है, इसे हमें नई–नई जानकारियां प्राप्त होती है, पढ़ने लिखने के लिए नई–नई सामग्रियां उपलब्ध होती है तथा इसके द्वारा हम विभिन्न माध्यमों से पैसे की कमाई भी कर सकते हैं। लेकिन इसके अत्याधिक उपयोग से बचना चाहिए क्योंकि यह हमारे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। उन्होंने बच्चों को भोजन करते, सोते समय या वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग कभी भी नहीं करनी की शपथ दिलवाई। संस्कारशाला की संयोजिका एवं नेशनल ट्रेनर रक्षा मांडोत ने 90 स्कूली बच्चों से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां करवाई। महिमा पटावारी बच्चों को योगिक क्रियाएं करवाई। मंडल द्वारा स्कूल में बच्चों के लिए आउटडोर गेम्स जैसे फुटबॉल वॉलीबॉल के लिए विभिन्न सामग्री व उपहार दिए गए। मंत्री दीपिका गोखरू ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सहमंत्री ललिता डागा, प्रचारप्रसार मंत्री सरिता छाजेड़, संगठन मंत्री अनिता जीरावला एवं स्कूल के शिक्षकों की भी उपस्थिति रही।



# निशुल्क रक्तदान शिविर में 49 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मानव सेवा कार्यों में अग्रणी संस्था कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन एवं संकल्प इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिगनी स्थित सुप्रजित इंजिनियरिंग परिसर में आयोजित निशुल्क रक्तदान शिविर में 49 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर रक्तदानदाताओं को प्रमाण पत्र दिया गया तथा आयोजकों का सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन कम्पनी के प्रबंध निदेशक अमितकुमार ने किया। शिविर में प्रभाकर, शिविर संयोजक राहुल मेहता, विशाल लुणावत, सौमी दत्ता आदि उपस्थित थे। फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रशान्त सिंघी ने बताया कि एकत्रित रक्त थैलिसिमया से पीड़ित बच्चों के इलाज के उपयोग में लिया जाएगा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## गीत

# चमन में रहें ख़ुशबू की तरह

मेरे लहू का रंग है तेरे लहू की तरह,
क्यों न हम मिलके चमन में रहें ख़ुशबू की तरह।

एक पहिए से नहीं चलती गाड़ी जीवन की,
सिर्फ इक गुल से नहीं बढ़ती शोभा उपवन की,
रखें सँभाल के इस हुनर को आबरू की तरह।

दोष अपना न थोपें मिथ्या रहबरों पे कभी,
करें एतबार न उड़ती हुई ख़बरों पे कभी,
मिलके गाते रहें इक स्वर में घुँघरू की तरह।

कोई मंदिर हो या मस्जिद या हो गुरुद्वारा,
चाहे वो हो किसी के घर का घोर अँधियारा,
रौशनी देते रहें हम सदा जुगनू की तरह।

साँस चलती है तो खूँ दौड़ता है रग–रग में,
कुछ भी पा सकते हैं हम करके परिश्रम जग में,
वक़्त बर्बाद न करें यूँ ही घुमंतू की तरह।

■ माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'
मो.9424141875

## भाजपा की कर्नाटक इकाई में दरार

# रेणुकाचार्य गुट ने यतनाल को निष्कासित करने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में भाजपा के पूर्व विधायकों के एक समूह ने एमपी रेणुकाचार्य के नेतृत्व में शुक्रवार को पार्टी आलाकमान से आग्रह किया कि वरिष्ठ विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को प्रदेश प्रमुख विजयेंद्र येडीयुरप्पा की खुलकर आलोचना करने के लिए निष्कासित कर दिया जाए। इस मुद्दे पर समान विचार रखने वाले कुछ पार्टी नेताओं के साथ रेणुकाचार्य ने कहा कि उनकी योजना आगामी दिनों में दावनगेरे में एक विशाल रैली करने की है जिसमें शक्ति प्रदर्शन किये जाने की उम्मीद है। रेणुकाचार्य के नेतृत्व वाले गुट में के सुब्रमण्य नायडू, हरतल हलप्पा, रूपाली नाइक, बासवराज दादेसुगुर सहित अन्य शामिल हैं जो विजयेंद्र के समर्थक हैं। रेणुकाचार्य के नेतृत्व वाले गुट की योजना राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने की है जिनमें मंदिर भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य यतनाल और उनके धड़े का मुकाबला करना है। इस दौरान विजयेंद्र और उनके पिता बीएस येडीयुरप्पा के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जाएगा। वरिष्ठ विधायक यतनाल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का एक गुट प्रदेश नेतृत्व, विशेष रूप से विजयेंद्र की आलोचना करता रहा है। इनमें विधायक रमेश जरकीहोली, बीपी हरीश और पूर्व विधायक अरविंद लिंबावली, कुमार बंगारप्पा तथा जीएम सिद्धेश्वर सहित अन्य शामिल हैं। वे वक्फ मुद्दे पर हाल में पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शनों से दूरी बनाते हुए इस सिलसिले में समानांतर आंदोलन कर रहे हैं। यतनाल और जरकीहोली, विजयेंद्र की खुलकर आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने विजयेंद्र पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ ''समायोजन की राजनीति'' में लिप्त रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि विजयेंद्र और उनके पिता येडीयुरप्पा पार्टी (भाजपा) को अपने नियंत्रण में रखने की कोशिश कर रहे हैं। रेणुकाचार्य ने संवाददाताओं से बात करते हुए यतनाल को ''कांग्रेस का एजेंट'' बताया।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उप–मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कई मतभेद हैं। हालांकि, वे बाहर इस बारे में नहीं बोलते लेकिन वह (यतनाल) अनावश्यक टकराव में शामिल हैं। पार्टी नेता और कार्यकर्ता इस तरह की ओछी बातों से हताश हैं, उन्हें यह बंद करना चाहिए। वह (भाजपा के) राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से समर्थन मिलने का दावा करते हैं लेकिन नहीं बताते कि वे कौन हैं।



# कर्नाटक के विकास में हर संभव योगदान देना चाहिए : मुणोत

## हम्पीनगर में आयोजित हुआ कन्नड़ राज्योत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हम्पीनगर में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा कर्नाटक राज्योत्सव का आयोजन किया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महेन्द्र मुणोत ने सभी को कन्नड़ राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें कर्नाटकवासी होने पर गर्व होना चाहिए। हमारे जीवन में कन्नड़ माता, कावेरी जल का बहुत उपकार है। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। कर्नाटक हमारे कर्मभूमि है और हमें अपने कर्मभूमि कर्नाटक के विकास में हर संभव योगदान देना चाहिए।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.